| Activity Details of Laxmi Narain Dubey College, Motihari<br>June 2019 to June 2020 | |
|---|---|
| | |
| 23.7.2019 to 30.7.2019 | Participation of NSS Volunteers of L.N.D College, Motihari in Swachh Bharat Summer Internship 2.0 Swachhata Ke 50 Ghante |
| 2.8.2019 | Tree Plantation cum Seminar on Environment Protection during VANMAHOTSAV organised by L.N.D College, Motihari |
| 1.8.2019 to 15.8.2019 | Participation of NSS Volunteers of L.N.D College, Motihari in Swachhata Pakhwara |
| 23.8.2019 | NSS Volunteers of L.N.D College, Motihari has participated actively in the event organised by the College. |
| 29.8.2019 | Celebration of FIT India Movement by NSS unit of L.N.D College, Motihari |
| 17 to 18.9. 2019 | NSS Group Leader Mr. Ravikant Pandey has selected at University level to participate in the Awareness Drive on HIV and PPTCT (Workshop) organised by Red Ribbon Club held at Patna. |
| 2.10.2019 | NSS volunteers of L.N.D College, Motihari has participated in the Celebrtaion of Gandhi Jayanti by cleaning the campus and surrounding areas of college, organisation of Rally and creating aawareness on Jal-Jeewan-Hariwali in the presence of Hon'ble Ex-minister Shri Radhamohan Singh. |
| 14 to 20.11.2019 | NSS PO of L.N.D College, Motihari has participated in the Orientation Programme for NSS POs at IIT(ISM) Dhanbaad. |
| 26.11.2019 | NSS unit of L.N.D College, Motihari has organised Constitution Day Lecture and Celebrate Constitution Day. |
| 10.12.2019 | NSS unit of L.N.D College, Motihari has organised One Day Workshop on "Women's Empowerment to Prevent Physical, Mental and Sexual Harassment of Women" and Celebrate Human Rights Day. |
| 11.01.2020 | NSS unit of L.N.D College, Motihari has organised Mockdrill for upcoming Jal-Jeewan-Hariwali Day celebration by creating Human Chain. |
| 18.01.2020 | NSS unit of L.N.D College, Motihari has organised Cyclathon as a part of FIT India movement of Govt. of India. |
| 19.01.2020 | NSS unit of L.N.D College, Motihari has participated in the Jal-Jeewan-Hariwali Day celebration by creating Human Chain. |
| 26.01.2020 | NSS unit of L.N.D College, Motihari has celebrated Republic Day. |
| 03.03.2020 | NSS unit of L.N.D College, Motihari has celebrated Jal-Jeewan-Hariwali Diwas by organising Day-long Discussion on Solar Energy. |
| COVID 19: | |
| 8.04.2020 | Appointed as NSS District Nodal Officer of East Champaran. |
| 10.04.2020 | Participated in online meeting for NSS District Nodal Officer on National TOT on COVID-19 organised by MOHFW & MOYAS in collaboration with NSS India for NSS on 10th April 2020 through ZOOM App. |
| 17.04.2020 | Participated in online meeting for NSS District Nodal Officer on "Covid-19: Review of NSS activities" organised by NSS India and NSS Regional Director, Patna on 17th April 2020. |
| 23.04.2020 | Participated in online meeting on COVID-19: Training the Trainer organised by NSS unit of NIT-Patna and NSS Regional Director, Patna on 23rd April 2020. |

| | |
|---|---|
| 27.04.2020 | Participated in **online meeting** for NSS District Nodal Officer of Bihar & Jharkhand on "Covid-19: Review of NSS activities" organised by NSS India and NSS Regional Director, Patna on 27th April 2020. |
| 6.05.2020 | Participated in **online "Orientation of NSS Volunteers as COVID-19 Worriers"** Jointly organised by Regional Directorate of NSS, Patna & UNICEF, Bihar on 6th May 2020. |
| 20.05.2020 | **Hosted and participated in online meeting** through Zoom App on "Covid-19: Review of NSS activities" on 20th May 2020 with all NSS units of B.R.A.B.U, Muzaffarpur and NSS Regional Director, Patna. |
| 25.6.2020 | NSS unit of L.N.D College, Motihari has participated in **NSS Volunteers Orientation on Stigma & Discrimination and Psycho Social Support (PSS)** organised by State Health Society, Bihar during outbreak of COVID-19. |

**Date-7.5.2019: Participation of NSS Volunteers of L.N.D College, Motihari in Awareness of Voters to Vote for the nation.**

भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार लोक सभा आम निर्वाचन 2019 के मध्य नजर निर्वाचन साक्षरता क्लब एलएनडी कॉलेज मोतिहारी के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान कॉलेज में उपस्थित छात्र छात्राओं के बीच चलाई गई एवं आसपास के इलाकों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निर्वाचन साक्षरता क्लब के नोडल पदाधिकारी एवं एलएनडी कॉलेज प्राचार्य (डॉ.) अरुण कुमार ने बताया कि सभी छात्र-छात्राएं अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जागरूक करें. एक एक मत की कीमत को समझाएं और 12 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए हम सभी को सारे काम छोड़ कर 12 मई को मतदान अवश्य करना चाहिए। वहीं साक्षरता क्लब के मेंटर प्रो. राकेश रंजन एवं एनएसएस पदाधिकारी प्रो. दुर्गेश मणि तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया कि कुछ लोग दुष्प्रचार कर मतदाताओं को दिग्भ्रमित करने में भी सफल हो रहे हैं और मतदाता अपने मत की कीमत पैसे में लगा रहे हैं. चुनाव में मतों की खरीद-बिक्री की खबर अकसर अखबारों में छपती रहती है. मतदाताओं को जाति, नस्ल, भाषा, धर्म आदि के नाम पर तोड़ कर कुछ लोग सत्ता की सीढ़ी चढ़ रहे हैं. कुछ बाहुबली ताकत और पैसे के बल पर मत हासिल करने में सफल हो रहे हैं. यह लोकतंत्र के लिए खतरा है. वहीं निर्वाचन साक्षरता क्लब एल एन डी के अध्यक्ष रविकांत पांडे ने बताया कि जानकारी के अभाव में आज भी एक बड़ा तबका मतदान के उद्देश्य से वंचित है. वास्तव में जागरूकता का अभाव है. कॉलेज के एनसीसी पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश कुमार सिन्हा बताया कि मतदाता को यह जानना जरूरी है कि उसके मत से ही देश और राज्य के साथ-साथ गांव की सरकारें बनती हैं. मतदाता लोकतंत्र की रीढ़ होते हैं, लेकिन अपने बहुमूल्य मत की ताकत को नहीं जानने के कारण मतदाता स्वतंत्र मतदान नहीं कर पा रहे हैं. बीसीए के कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर सर्वेश दुबे ने बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश हैं. यहां मतदाता द्वारा ही सरकार चुनी जाती है। इस लोकसभा चुनाव में युवाओं और महिलाओं भी चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले और मत प्रयोग की ताकत को जाने. कॉलेज के स्टाफ श्री राजीव कुमार श्री कामेश भूषण, श्री अखिलेश कुमार एवं अन्य स्टाफ छात्रों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया एवं मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के लिए सभी छात्र-छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में कॉलेज के स्टाफ राजीव कुमार, कामेश भूषण, अखिलेश कुमार, एवं बीसीए एनएसएस एवं एनसीसी के छात्र उपस्थित थे।




।




**Date-25.5.2019: Participation of NSS Volunteers of L.N.D College, Motihari in Tree Plantation & Awareness Drive on World Environment Day.**

शहर के स्थानीय एलएनडी कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस 2019 के उपलक्ष में अनेबल चांसलर आफ यूनिवर्सिटी ऑफ बिहार, वाइस चांसलर ऑफ बीआरए बिहार यूनिवर्सिटी के निर्देशानुसार एलएनडी कॉलेज में आज पौधारोपण एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र के देखरेख में की गई। पौधारोपण के साथ साथ स्कूल एवं कॉलेज के बच्चों को जागरूक करने के लिए पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त विषय पर निबंध प्रतियोगिता, एनवायरमेंट प्रोटक्शन के विषय पर पेंटिंग कंपटीशन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त सभी प्रतियोगिताएं को दो श्रेणी में विभाजित किया गया था- जूनियर केटेगरी एवं सीनियर कैटेगरी। जूनियर केटेगरी में मोतिहारी के बेलबनवा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं सभी प्रतियोगिताओं में भाग लिए एवं सीनियर कैटिगरी में

एलएनडी कॉलेज के छात्र छात्राएं भाग लिए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गान के माध्यम से किया गया। इसके बाद कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ अरुण कुमार ने संबोधित करते हुऐ बताया कि पूरे विश्व में पृथ्वी पर हरियाली के संरक्षण के मुद्दों पर विचार किया जाता है। इसीलिए आज हमसब पृथ्वी पर बढ़ते बोझ, उसे हरा-भरा रखने के तरीके और रीसाइकलिंग के बारे में बात कर रहे हैं. हमारी धरती पर पिछले कुछ सालों में भूकंप, बाढ़, सूनामी जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। प्रकृति की इन आपदाओं में जान-माल का खूब नुकसान होता है। दरअसल, हमारी धरती के ईको-सिस्टम में आए बदलावों और तेजी से बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग के कारण ही ये सब हो रहा है। वैज्ञानिकों ने इन आपदाओं के लिए हमारे प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध इस्तेमाल को जिम्मेदार ठहराया है। उनकी मानें तो आज हमारी धरती अपने भार से कहीं अधिक भार वहन कर रही है। अगर यही हाल रहा तो 2030 तक हमें रहने के लिए दूसरे प्लेनेट की जरूरत होगी। इस सब के लिए पर्यावरण को संरक्षित करना होगा इसमें हम सब को आगे आने की जरूरत है।

वहीं एनएसएस पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि पर्यावरण को कैसे संरक्षित करने के उपाय बताएं अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखो। सड़क पर कूड़ा मत फेंको और न ही कूड़े में आग लगाओ। कूड़ा रीसाइकल के लिए भेजो। क्या आपसबों को पता है, आज बड़े-बड़े प्लांट्स कूड़े से बिजली और फर्टिलाइजर बना रहे हैं। प्लास्टिक, पेपर, ई-कचरे के लिए बने अलग-अलग कूड़ेदान में कूड़ा डालो ताकि वह आसानी से रीसाइकल के लिए जा सके। सब अपने परिवार से कहो कि वे निजी वाहन की बजाय कार-पूलिंग, गाडियों, बस या ट्रेन का उपयोग करें। कम दूरी के लिए साइकिल चलाना पर्यावरण और सेहत के लिहाज से बेहतर है। पानी बचाने के लिए परिवार से कहे कि वो घर में लो-फ्लशिंग सिस्टम लगवाएं, जिससे शौचालय में पानी कम खर्च हो। शॉवर से नहाने की बजाय बाल्टी से नहाओ। ब्रश करते समय पानी का नल बंद रखो। हाथ धोने में भी पानी धीरे चलाओ। गमलों में लगे पौधों को बॉल्टी-मग्गे से पानी दो। नल में कोई भी लीकेज हो तो उसे प्लंबर अंकल से तुरंत ठीक करवाओ, ताकि पानी टपकने से बरबाद न हो। नदी, तालाब जैसे जल स्त्रोतों के पास कूड़ा मत डालो। यह कूड़ा नदी में जाकर पानी को गंदा करता है। घर की छत पर या बाहर आंगन में टब रखकर बारिश का पानी जमा कर सकते हो, जिसे फिल्टर करके इस्तेमाल करो।

इसके अलावा राजकीय मध्य विद्यालय के प्रिंसिपल, एनसीसी पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार सिन्हा, बीसीए कोऑर्डिनेटर डॉ सर्वेश दुबे, डॉ सुबोध कुमार,डॉ के एन मंडल, प्रोफेसर राकेश रंजन, प्रोफेसर दुर्गेश मनी तिवारी एवं श्री राजीव कुमार ने पर्यावरण को कैसे संरक्षित किया जाए इस विषय पर अपना वक्तव्य छात्र-छात्राओं के बीच रखें। भाषण कार्यक्रम समाप्त होने के बाद निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके बाद 100 पौधा कॉलेज केंपस में रोपण किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले राजकीय मध्य विद्यालय बेलबनवा के छात्र-छात्राएं एवं एलएनडी कॉलेज का छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रोफेसर दुर्गेश मनी तिवारी ने कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक कर्मी एवं सभी गैर शिक्षक कर्मियों सहित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रिंसिपल एवं सभी छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा प्रोफेसर तिवारी ने डिविजनल फॉरेस्ट ऑफिसर मोतिहारी एनएसएस को-ऑर्डिनेटर डॉ वीरेंद्र चौधरी एसएससी पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार सिन्हा बी सी ए कोऑर्डिनेटर डॉ सर्वेश दुबे एवं कॉलेज के छात्र छात्राओं को कार्यक्रम को सफल करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किया।

लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय मोतिहारी में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण बचाने हेतु सेमिनार का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि एनएसएस विश्वविद्यालय कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर डॉ वीरेंद्र चौधरी एवं एमएसएसजी महाविद्यालय अरेराज के पूर्व प्राचार्य डॉ विजय शंकर पांडे सामाजिक वक्ता शत्रुघ्न शाह मुजफ्फरपुर और एलएनडी कॉलेज प्राचार्य डॉ अरुण कुमार एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी एवं के एन मंडल विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग,डॉक्टर सुबोध कुमार विभागाध्यक्ष अध्यक्ष इतिहास डॉ कैप्टेन राजेश कुमार सिन्हा, डॉ सर्वेश दुबे बीसीए कोऑर्डिनेटर, प्रोफेसर राकेश रंजन, एलएनडी कॉलेज के हेड असिस्टेंट श्री राजीव कुमार इन लोगों ने पर्यावरण संरक्षण करने हेतु उपस्थित छात्र छात्राओं  को संबोधित किया गया।

सेमिनार के साथ-साथ निबंध लेखन प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मेडल के साथ-साथ सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया निबंध प्रतियोगिता सीनियर केटेगरी प्रथम स्थान हेमंत कुमार द्वितीय स्थान सुधा राज तृतीय राहुल कुमार निबंध लेखन प्रतियोगिता जूनियर केटेगरी प्रथम स्थान खुशी कुमारी द्वितीय स्थान कशिश कुमारी तृतीय स्थान खुशी कुमारी, रंगोली प्रतियोगिता सीनियर कैटेगरी प्रथम स्थानअभिसारिका कुमारी द्वितीय स्थान प्रीति कुमारी तृतीय स्थान अंशु कुमारी रंगोली प्रतियोगिता जूनियर केटेगरी प्रथम स्थान तनु कुमारी द्वितीय स्थान संध्या कुमारी तृतीय स्थान खुशी कुमारी पेंटिंग प्रतियोगिता सीनियर केटेगरी प्रथम स्थान श्रेया भारती, द्वितीय स्थान अपूर्वा राज, पेंटिंग प्रतियोगिता जूनियर केटेगरी फर्स्ट खुशी कुमारी द्वितीय स्थान खुशी कुमारी तृतीय स्थान कशिश कुमारी.




।


NCC

।



।



।



|

**Date-5.6.2019: Participation of NSS Volunteers of L.N.D College, Motihari in Tree Plantation on World Environment Day.**



|



**Date-23.7.2019 to 30.7.2019: Participation of NSS Volunteers of L.N.D College, Motihari in Swachh Bharat Summer Internship 2.0 Swachhata Ke 50 Ghante**

**स्वच्छ भारत समर इन्टरशिप 2.0-स्वक्षता के 50 घंटे कार्यक्रम**

लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय मोतिहारी मैं आज एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर ये जानकारी दिया कि भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत स्वच्छ भारत समर इन्टरशिप 2.0-स्वक्षता के 50 घंटे कार्यक्रम करना है। कार्यक्रम में स्वक्षता के साथ जल संरक्षण, पौधारोपण, प्रदूषण, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि विषयों को लेकर एनएसएस वोलंटियरो को अधिक से अधिक जागरूकता अभियान चालनी है. इस अभियान में छात्र, युवा एवं ग्रामीणों को जागरूक करनी है। जिसके लिए एनएसएस के 10 वालंटियरों की कॉलेज से चयन किया गया है, जिसमें रविकांत पाण्डेय को ग्रुप लीडर बनाया गया है। बालमुकुंद, रितिक राज, विशाल कुमार, अमन मिश्रा है, जो 50 घंटे तक इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। ये कार्यक्रम कल से गंडक कालोनी रघुनाथपुर में चलाया जाएगा।

**Day 1: 23.7.2019**

लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय के एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप 2.0 के 50 घंटे कार्यक्रम की शुरुआत की गई । प्रोफेसर (डॉ.) अरुण कुमार, प्रिंसिपल, ने बताया कि एलएनडी कॉलेज के एन.एस.एस के

तत्वावधान में कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के निर्देश पर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं मोतिहारी के रघुनाथपुर स्थित गंडक कॉलोनी मे। इसके अंतर्गत साफ सफाई के साथ-साथ जल सरंक्षण, पौधारोपण, प्रदूषण से मुक्ति के साथ साथ स्वास्थ्य, शिक्षा के मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया जाना है। हम सभी जानते हैं की मानव के विकास में स्वक्षता का अत्यधिक प्रभाव है एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी इस पर जोर दिया था। विश्व के विकसित देश अत्यधिक स्वच्छता पर ध्यान देते हैं जिससे लोग स्वस्थ रहते हैं एवं देश विकास करता है। हमें पूर्ण विश्वास है की हम अपने मिशन में कामयाब होंगे एवं प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी के नेतृत्व में महाविद्यालय का एनएसएस दल सफलता का नया आयाम रखेगा। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी  प्रो दुर्गेश मणि तिवारी ने अपने वैलेंटिरो को कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश देते हुए कॉलेज से रवाना किया एवं उनको कार्यक्रम के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दिया। उन्होंने उम्मीद जताया कि कार्यक्रम में एनएसएस के वालेंटियर नेशनल लेवल पर परचम लहराएंगे। वहीं टीम का नेतृत्व कर रहे एनएसएस वालंटियर रविकांत पाण्डेय ने बताया कि आज एनएसएस के द्वारा कॉलेज से सुबह 9 बजे रघुनाथपुर स्थित गंडक कॉलोनी, ब्रहम ऋषि नगर, पीपल चौक, हनुमान मंदिर, आदि जगहों पर जागरूकता अभियान चलाई गई जिसमें लोगों को जल संरक्षण, प्रदूषण,साफ सफाई , पौधरोपण,शिक्षा आदि विषयों पर। एनएसएस के वालेंटियरो के द्वारा लगभग 70 घरों  में जा जा कर नल एवं उसके पाइपों की मॉनिटरिंग  की गई  एवं जीस नल से पानी बूंद बूंद गिर रही थी उस नलको चिन्हित किया गया एवं उस नल के लीकेज को मैकेनिक एवं वालेंटियर के द्वारा ठीक किया गया। क्योंकि एक नल से बूंद बूंद पानी गिरने से तकरीबन 1 दिन में  औसतन 5 से 10 लीटर पानी बर्बाद होती है, और हम लोग उस लीकेज को ठीक नहीं कराते हैं और वैसे ही रहने देते हैं। हम लोग घर में ब्रश करने के समय, मुंह धोने का समय आदि कामों के समय में नलों का खुला छोड़ देते हैं जिससे पानी की काफी मात्रा में दुरुपयोग होता है। जिस चीज को रोकने के लिए एनएसएस वालंटियररो ठाना है। अधिक से अधिक लोगों को जागरुक कर पानी के महत्व को समझाया एवं उसको दुरुपयोग होने से रोकने के उपाय बताया गया। हम लोग आए दिन अपने मोटर को चालू अवस्था में छोड़ देते हैं और टंकी से पानी गिरने शुरू हो जाती है फिर भी हम लोग उसको नजरअंदाज कर देते है, जब तक कोई आके बोले नहीं। इन्हीं सब विषयों पे लोगों को जागरुक किया गया। आज मुख्य रूप से जल संरक्षण पे जन जागरूक किया गया। आज के अभियान में एनएसएस वॉलिंटियर्स अमन  कुमार मिश्रा, ऋतिक राज, रितेश राज भोला कुमार आदि उपस्थित थे।




।


National Service
L. N. D. College,


N.S.S.





**Day 2: 24.7.2019**

आज कार्यक्रम के दूसरे दिन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि भारत सरकार के युवा एबं खेल मंत्रालय के द्वारा स्वच्छता इंटरशिप 2.0 के 50 घंटे कार्यक्रम को लेकर एनएसएस वालंटियर एलएनडी कॉलेज मोतिहारी के बालिका गृह केंद्र बनकट,शिशु पालना केंद्र बनकट के बच्चों से मिलने  गए। उन्होंने समाज के लोगों से अपील किया किसी भी अपने शुभ समारोह जैसे जन्मदिन, सालगिरह आदि अपने खुसी के मौकों पे उनलोगों के बीच जा कर खुशियां बॉटनी चाहिए।  एनएसएस एलएनडी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं एनएसएस वालंटियर टीम लीडर रविकांत पांडे ने बताया बालिका गृह ,शिशु पालना केंद्र में बच्चों से मिलने हम लोग उनके बौद्धिक विकास एवं स्वच्छता शिक्षा से संबंधित आदि विषयों पर हम लोग उनसे बात किए हम लोगों ने उन बच्चों के साथ काफी समय बिताया और उस समय में बच्चों के साथ शिक्षा को लेकर विशेष रूप से उनको बताया एवं समझाया और उनको वीडियो के माध्यम से साफ सफाई से संबंधित जानकारी दी एवं उन लोगों के साथ एनएसएस वॉलिंटियर्स ने लूडो खेला एवं विशेष रूप से उन लोगों को स्वक्षता को लेकर  बात की गई हम लोगों ने बच्चों के बीच फल एवं खाद्य सामग्री  बच्चों  के बीच बाटा एवं खेलकूद के कुछ सामग्री भी दिया। वहीं बालिका गृह में एन एस एस की छात्रा वालेंटियर अपूर्वा राज, अभिसारिका कुमारी, अंशु कुमारी ने उनके बीच जा कर स्वक्षता, शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दिया एवं उनलोगों के साथ वालेंटियर्स ने उनके साथ काफी समय बिताया और वहाँ के परिवेश के बारे में जाना। एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा बताया गया कि महीने में वह 1 दिन अपना समय इन बच्चों के साथ गुजारेंगे एवं आने वाले समय में बच्चों की पढ़ाई लिखाई को विशेष रूप से एनएसएस वॉलिंटियर्स ध्यान देंगे। आज विशेष रूप से बालिका गृह एवं शिशु पालना केंद्र में स्वक्षता, स्वास्थ्य, शिक्षा को मुख्य रूप से शामिल किया गया। एवं बालिका गृह अधीक्षका मधु कुमारी ने बताया कि यहां पहली बार एनएसएस के द्वारा शिक्षा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से संबंधित कैंप किए यहां के लिए बच्चों के लिए काफी अच्छा रहा एवं वह

काफी प्रभावित भी रहे और हम चाहेंगे कि हमेशा ऐसे कार्यक्रम का तहत लोगों का बौद्धिक एवं मानसिक विकास होता रहे जिसके लिए आगे चलकर वे लोग अपना भविस्य में उज्वल बनाये,और उनके द्वारा एन एस एस एल एन डी कॉलेज टीम को धन्यवाद भी की ऐसे कार्य के लिए। आज वालेंटियर अमन मिश्रा, रितेश राज, रितिक राज अमन श्रीवास्तव उपस्थित थे.



।




।




I



**Day 3: 25.7.2019**

भारत सरकार एवं युवा खेल मंत्रालय के अंतर्गत समर इंटर्नशिप 2.0 के 50 घंटे कार्यक्रम के तीसरे दिन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि एलएनडी कॉलेज के एनएसएस वॉलिंटियर्स काफी उत्साह के साथ अपने मिशन को पूरा करने में लगे हुए हैं। इनलोगों के द्वारा रचनात्मक कार्य देखकर हमें लगता है कि यह लोग काफी अच्छा योगदान दे रहे हैं। प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने समाज के लोगों से एवं खासकर ग्रामीण युवा, बच्चों एबं महिलाओं से अपील किये स्वच्छता अपनाने को किउंकि स्वच्छता हमारी जिंदगी की अहम हिस्सा है एबं सभी तरह का बीमारी से दूर करता है। इसीलिए इस पर हम सभी को जागरूक होना चाहिए एबं एनएसएस के वालंटियर्स के साथ मिलकर स्वच्छता मिशन में अपना योगदान देना चाहिए। वहीं एनएसएस वोलंटियर टीम का नेतृत्व कर रहे टीम लीडर रविकांत पाण्डेय ने बताया कि आज एसएनएस एलएनडी कॉलेज के द्वारा एक नया तरीका से सोशल मीडिया की प्राथमिकता को देखते हुए एक अभियान चलाया गया। जिस के तहत

वहां के ग्रामीणों के साथ साथ वहां एनएसएस वोलंटियर के द्वारा पहले गंदगी वाले स्थान के साथ फोटो लिया और फिर उस गंदगी को साफ सफाई करके फिर उसके साथ एक फोटो लिया। इस कार्यक्रम से यह एक संदेश देना है जहां गंदगी हो उस गंदगी को हम लोग खुद फैलाते हैं उसी गंदगी को साफ कर ले तो उस जगह का वातावरण, हर कुछ बदल जाता है। कोई नहीं चाहता है गंदगी में जाकर बैठे या अपने आसपास स्वक्षता न हो। इसके लिए एनएसएस वॉलिंटियर्स ने वहां के ग्रामीणों के साथ बच्चों को बताया कि आजकल हम लोग अधिकतर समय सोशल मीडिया पर गुजारते हैं, उस समय में से थोड़ा भी समय निकालकर हम लोग आज के जमाने के अनुसार अगर इस फोटो को हम लोगों दोनों फ़ोटो को एक साथ अपलोड करें और इस अभियान को अगर हम लोग एक साथ मिलकर करें तो यह देश स्तर पर अभियान बन सकता है, और स्वक्षता को बढ़ावा दे सकते है। इसके लिए हम सभी को यह सोचना होगा कि साफ-सफाई हमारी जिंदगी में कितना महत्वपूर्ण है। स्वच्छता ही ना होने के कारण बहुत सारी बीमारियां आजकल पनप रही है। जिसका सीधा असर हमलोगों के निजी जिंदगी पे पड़ता है। आज वॉलिंटियर के द्वारा श्रमदान करके बारिश के मौसम में जगह-जगह गड्ढे लगे हुए थे उस गड्ढे को वालेंटियर के द्वारा भरा गया, एवं वहाँ के ग्रामीणों को स्वक्षता के महत्व के बारे मे जागरूक किया गया। एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा अपने श्रमदान से बारिश के लगे हुए पानी को निकाला गया एवं पानी जल संरक्षण हेतु आज भी लोगों के घर घर नल एवं पाइप की मॉनिटरिंग की गई और जल संरक्षण हेतु बातें बताई गई। इसके अलावा उपस्थित लोगों को हाल में ही इंसेफेलाइटिस जापानी बुखार बचाव के उपाय भी बताए गए। क्योंकि अधिकतर अपने यहां जापानी बुखार से इस साल काफी सारे बच्चों की मौत हो चुकी हैं इससे बचाव के लिए हम सभी को जागरूक होने की जरूरत है। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि एलएनडी कॉलेज के NSS यूनिट के द्वारा स्वक्षता को लेकर अच्छा कार्य करने वाले ब्यक्ति को सम्मानित किया जाएगा इससे स्वक्षता को नई गति मिलेगी। आज का एनएसएस कैम्प मोतिहारी के रघुनाथपुर, बालगंगा, नकचिपति पूल गली नंबर 1, 2 ओर 3 में चलाया गया। आज के इस अभियान को ग्रामीणों ने काफी सराहा एवं अपने निजी जिंदगी के साथ लोगो को जागरूक करने की बात कही। आज के एनएसएस वोलंटियर अमन कुमार मिश्रा, रितिक कुमार, रितेश कुमार एबंग अमन श्रीवास्तव उपस्थित थे।






N.S.S.
L.N.D. College


N.S.S.
L.N.D. College
Motihari




N.S.S.
College
Shot on realme 3 Pro



I



**Day 4: 26.7.2019**

लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि भारत सरकार एबं युवा खेल मंत्रालय के अंतर्गत समर इंटर्नशिप 2.0 के 50 घंटे कार्यक्रम के आज चौथे दिन एनएसएस वॉलिंटियर्स ने मोतिहारी से सटे बर्नवा घाट, सेमरा, सिहुली, हरकेनिया, कर्मुला, मुलटैनि, लखौरा, ब्रह्मस्थान आदि बाढ़ ग्रस्त इलाके का दौरा किया। एनएसएस टीम का नेतृत्व कर रहे टीम लीडर रविकांत पांडे ने बताया कि आज एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा बाढ़ ग्रस्त इलाके के ग्रामीणों खासकर बच्चों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। खास करके बाढ़ ग्रस्त इलाकों में बाढ़ से

होने वाले बीमारी के बारे में भी जागरूक किया गया और इससे बचने के उपाय बताए गए। ग्रामीणों ने बताया कि बाड़ ग्रस्त इलाकों में कुछ रोड ऐसे है जिसके दोनों तरफ पानी लगी हुई थी। ग्रामीणों के पता ही नहीं चल रहा था कहां सड़क है और कहां पानी। ऐसे जगह के रस्सी और बॉश की मदद से उसको घेरकर दोनों तरफ से चिन्हित कर दिया गया ताकि लोगों को पता चल जाए। वही मोतिहारी के सटे गांव में बहुत सारे बच्चे बाढ़ की पानी में नहा रहे थे। इन बच्चों को NSS वालेंटियरो ने देख कर अपने पास बुलाकर उन बच्चों को बाढ़ के पानी में नहाने से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया एवं उन बच्चों को समझाया कि बाढ़ के पानी में नहीं नहाना है एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना है और करना है।  NSS volunteers ब्रह्मस्थान के सामुदायिक भवन में लगे हुए बाढ़ ग्रस्त लोगों के कैंप में नाव के मदद के द्वारा जाके उन लोगों के स्वक्षता के बारे में विशेष रूप से बताया गया की बाढ़ अपने साथ कई बीमारियों को ले के आता है जिस से बचने का एकमात्र उपाय है स्वक्षता एवं उनलोगों को एनएसएस वोलेंटियर्स एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर श्रमदान के माध्यम से कुछ लोगों का आशियाने के लिए त्रिपाल से अस्थायी रहने के लिए बनाया गया एवं उनलोगों के लिए खाद्य सामग्री एवं हाथ धोने वाले साबुन, डेटोल आदि आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि एनएसएस के द्वारा बाढ़ग्रस्त लोगों के लिय मेडिकल कैम्प लगा कर लोगों को जागरूक किया जाएगा एवं उन्होंने समाज से अपील किया कि बाढ़ ग्रस्त इलाके वाले लोगों को मदद करें। आज के अभियान में अमन कुमार मिश्रा, रितिक कुमार, रितेश कुमार, अमन श्रीवास्तव, प्रिंस कुमार आदि उपस्थित थे।



।



।




Shot on realme 3 Pro
By Aman Mishra



I



I



I




I



**Day 5: 27.7.2019**

एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत समर इंटर्नशिप 2.0 स्वच्छता के 50 घंटे कार्यक्रम के आज पांचवे दिन एनएसएस वोलंटियर के द्वारा रघुनाथपुर, चांदमारी, बाल गंगा, पीपल चौक, आदि जगहों पे स्वक्षता एबं ट्रैफिक नियमों के बारे मे लोगो को जागरूक किया गया। एनएसएस टीम का नेतृत्व कर रहे टीम लीडर रविकांत पांडे ने बताया कि आज एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा गाड़ी चला रहे लोगों को रोकके उन्हें स्वक्षता एबं ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया गया। ड्राइविंग करते वक़्त लोग खाने पीने की पैकेटों को खा कर सड़क पे फेक देते है, जिस से रोड पे गंदगी का अंबार लगा रहता है, जो कतई

सही नहीं है। इसके अलावा एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा रघुनाथपुर बस स्टैंड पे बस यात्रा कर रहे यात्रियों को स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।साथ ही यात्रा के दौरान खैनी, गुटखा, पान, सिगरेट आदि पदार्थों का सेवन नहीं करने के अपील किया गया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का नहीं पालने करने की वजह से आये दिन काफी सारे हादसे हो रहे है, जिसके मध्यनजर गाड़ी चला रहे लोगो को कुछ जरूरी बाते हमारे वालंटियर्स बताई गई एवं उनलोगों को पम्पलेट बाँट कर जागरूक किया गया। एनएसएस वालंटियर ने स्वच्छता के 50 घंटे कार्यक्रम में काफी उत्साह एवं मेहनत के साथ काफी रचनात्मक कार्य कर रहे हैं जिससे स्वच्छता के प्रति लोगों में अलख जगा रहे हैं। आज के अभियान में एनएसएस वालंटियर अपूर्वा राज, अभिसारिका कुमारी, सिब्बी कुमारी, विकाश कुमार, बालमुकन्द, रितेश कुमार, रितिक कुमार, अमन श्रीवास्तव, अमन मिश्रा, सनी कुमार आदि मोजूत थे।

वॉलिंटियर्स के द्वारा बताए गए ट्राफिक नियम कुछ इस प्रकार है--

1. वाहन चलाने के दौरान किसी भी चीज के खाने पिने से बचना चाहिए।
2. वाहन चलाते समय पिछली सीट पर पड़ी हुयी किसी वस्तु आदी को उठाने की कोशिश न करे इससे आपका ध्यान सड़क से हट सकता है और हादसों के होने का खतरा रहता है।
3. सेल्फोन पर न करें बात। बहुत जरूरी है तो किसी सुरक्षित जगह वाहन खड़ी कर मोबाइल का प्रयोग करे।
4. ड्राइविंग करते वक्त हेडफोन के इस्तेमाल से बचें।
5. स्पीड उतनी ही होना चाहिए जितनी आप कंट्रोल कर सकें।
6. बच्चों को खुद को ड्राइविंग करते वक्त सीट बेल्ट से बांधे।




।


National Service Scheme
N. D. College, Motihari
Special Camp

I


HONDA
जय माता दी

I


N.S.S.
L.N.D. College
Motihari
BR22AL0141

I


National Service Scheme
L. N. D. College, Motihari
Special Camp

I


N.S.S.
L.N.D. College
Motihari

I




apé


PILOT


9840

I




**Day 6: 28.7.2019**

लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय, मोतिहारी के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताएं की भारत सरकार के युवा एबं खेल मंत्रालय के निर्देश पर हो रहे हैं एनएसएस समर इंटरशिप 2.0 स्वच्छता के 50 घंटे कार्यक्रम जिसके तहत आज कार्यक्रम के छठे दिन एनएसएस वॉलिंटियर के द्वारा सदर हॉस्पिटल, गांधी संग्रहालय, नरसिंह बाबा मठ परिसर एवं आसपास का इलाकों में स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। एनएसएस टीम का नेतृत्व कर रहे टीम लीडर रविकांत पांडेय ने बताया कि आज एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा सदर हॉस्पिटल में आए हुए लोगों को स्वक्षता, शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गई एवं उपस्थित मरीजों की देखरेख की गई और कुछ खाद्य सामग्री वितरण किया गया। इसके अलावा गांधी संग्रहालय में वोलंटियर के द्वारा अपने श्रमदान के माध्यम से साफ सफाई किया गया एवं आए हुए पर्यटकों के साथ स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की अपील की गई। नरसिंह बाबा मठ परिसर में उपस्थित खेल रहे युवा एवं सेल्फ स्टडी कर रही यूवाओं के बीच एनएसएस वालेंटियर के द्वारा सभी लोगों को स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के अपील किया गया। आज के जागरूकता अभियान में दुकानदार एवं आम लोगों को पालीथिन उपयोग नहीं करने के अपील की साथ साथ कपड़ा का झोला उपयोग करने के लिए प्रेरित की गई एबं पॉलिथीन उपयोग से होने वाले पर्यावरण में नुकसान के बारे में जागरूक किया गया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि पॉलीथिन का उपयोग रोकने के लिय एनएसएस के द्वारा विशेष अभियान चलाया जाया गा। स्वक्षता के प्रति एलएनडी कॉलेज के एनएसएस वालंटियर द्वारा दिया गया संदेश--

1. घर के सभी सदस्यों को डस्टबीन का उपयोग करने को बाध्य करें.
2. किसी भी आयोजन के उपरांत ऐसी स्थिति पैदा ना होने दें कि आयोजन का कचरा वहीं पड़ा रहे.
3. पॉलीथिन का प्रयोग पूर्णतः वर्जित करें. उसकी जगह घर से स्वयं एक झोला लेकर निकलें।

4.  हॉस्पिटल को साफ सुथरा रखें एवं हॉस्पिटल के नियम मान के चले जिससे कि मरीजों को परेशानी ना हो।

5. किसी भी पब्लिक प्लेस को एबं पर्यटक स्थल को साफ सुथरा रखें एवं लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते रहें।

आज के अभियान में एनएसएस वालंटियर अंशु कुमारी, अभिसारिका कुमारी, अपूर्वा राज, विकास कुमार, अमन कुमार श्रीवास्तव, ऋतिक राज, अमन कुमार मिश्रा, रितेश राज आदि मौजूद थे।




।



।








कायाकल्प पुरस्कार विजेता 2015
सदर अस्पताल मोतिहारी में आपका
स्वागत है।
कायाकल्प 2015-16
N.S.S.
L.N.D. College
Motihari









**Day 7: 29.7.2019**

भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत समर इंटर्नशिप 2.0 स्वच्छता के 50 घंटे कार्यक्रम के आज सातवें दिन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा मोतिहारी के परशुरामपुर, हरपुर आदि स्थानों पर स्वच्छता, शिक्षा,

स्वास्थ्य, जल संरक्षण, खुले में शौच, बिजली बचाने एबं सोलर एनर्जी का इस्तेमाल आदि विषयो पे जागरुक अभियान चलाया गया। इसके साथ साथ पौधारोपण करके ग्रामीणों को पर्यावरण के मुदो पर जागरूक किया गया। एनएसएस टीम का नेतृत्व कर रहे टीम लीडर रविकांत पांडे ने बताया कि आज के कार्यक्रम में ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति थी। उन्हीनो बताय की एनएसएस वोलंटियर के द्वारा आज गांव गांव में जाकर करीब 55 पौधों का पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के साथ साथ हमलोग वहां के ग्रामीणों को एक-एक पौधा की देखरेख करने की जिम्मेवारी दी। आज ग्रामीणों ने काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और ग्रामीणों ने बताया कि हम लोगों के यहां ऐसे कार्यक्रम से हम सभी लोगों को जन चेतना की भावना जागृत हो रही है और आप लोग का कार्य देखकर हम लोग प्रेरित हो रहे हैं और हम सभी आज के बाद साफ सफाई पर ध्यान देंगे एवं लोगों को जागरुक भी करेंगे। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि एल.एन डी. कॉलेज के एनएसएस वालंटियर्स महीने में दो से तीन बार उक्त गांव जाकर पौधे की देखरेख करेंगे एबं वहां के ग्रामीणों को सम्मानित भी किया जाएगा एनएसएस टीम के द्वारा अगर पौधा संरक्षण सही से होता है तो। उन्होनो लोगो से अपील की सोलर एनर्जी का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण में अपना भूमिका निभाये। वालंटियर्स द्वारा आज सौर ऊर्जा के इस्तेमाल के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया गया एबं ईसके फायदे बताया गया। इसके साथ ही एनएसएस वालंटियर्स द्वारा ग्रामीणों को बिजली संरक्षण के तरीके बताया गया—

1. दिन में बल्ब के बजाय प्राकृतिक रोशनी का उपयोग करें।
2. इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स (टेलीविजन, फ्रिज, वॉशिंग मशीन आदि) का सहीरूप एबं जररूतभर ही उपयोग करें।
3. पुराने इलेक्ट्रिक उपकरणों का उपयोग बंद करें।
4. खाना पकाने के लिए गैस का ही उपयोग करें। हिटर का इस्तेमाल किसीभी तरह न करे।
5. एलईडी बल्ब का ही उपयोग करें।
6. लेटेस्ट कंप्यूटर एबं लैपटॉप का इस्तेमाल करें।

बिजली के अधिक इस्तेमाल से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ती है जिससे पूरी धरती पर जीवन के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। उपोरक्त उपाय अपनाके हम लोग बिजली को बचा सकते हैं एबं सही मायने में पर्यावरण संरक्षण कर सकते है। आज के कार्यक्रम में एनएसएस वालंटियर्स विकास कुमार, रितेश राज, ऋतिक राज, मोनू खान, अमन कुमार श्रीवास्तव एबं अमन मिश्रा उपस्थित थे।


Service S
alme 3 Pro


nal Service S
D. College, Moti
cial Ca





**Day 8: 30.7.2019**

लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय, मोतिहारी के एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत स्वच्छ भारत समर इन्टरशिप 2.0 स्वक्षता के 50 घंटे कार्यक्रम का आज सफलतापुरबक समापन हुआ। पिछले आठ दिनों से लगातार 50 घंटे तक चलनेवाला इस समर इंटर्नशिप में एनएसएस वालंटियर्स के द्वारा मोतिहारी के विभिन्न ग्रामीण एबं बाढ़ग्रस्त इलाकों, मोतिहारी शहर, सदर हॉस्पिटल, गांधी स्मारक, बालिका गृह आदि स्थानों के लोगोंको स्वक्षता, शिक्षा, स्वास्थ, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण एबं उसकी संरक्षण, बिजली की सही इस्तेमाल एबं सोलर एनर्जी के उपयोग के लिए प्रेरित करना, ट्रैफिक के प्रति जागरूकता, पॉलीबैग के बदले कपड़े का बैग का इस्तेमाल, ग्रामीणों को खेती के साथ साथ गेर-खेती कार्य मे भाग लेके आर्थिक रूप से खुद एबं महिलाओं को सशक्तिकरण के विषय में जागरुक किया गया। एलएनडी कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अरुण कुमार ने बताया कि "मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा यह बताते हुए की एलएनडी कॉलेज मोतीहारी के एनएसएस इकाई राष्ट्रनिर्माण में सक्रियता के साथ अपना योगदान दे रहा है एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी के नेतृत्व में। उनके नेतृत्व में वालंटियर्स द्वारा समाज में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया जाने वाला कार्य काफी सराहनीय है। गरीब बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न करना एवं उनहे तथा उनके माता-पिता को स्वास्थ्य के प्रति सदैव तत्पर रहने के प्रति विशेष शिक्षा देना असली देश सेवा है। एनएसएस के हमारे समर्पित छात्र-छात्राएं अपने टीम लीडर रविकांत पांडेय के नेतृत्व में सोलर ऊर्जा तथा ट्राफिक के प्रति चलाया गया जागरूकता अभियान समाज में एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। मैं एनएसएस वालंटियर्स तथा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी को विशेष धन्यवाद देता हु की उन्होंने ग्रामीण लोगों को आर्थिक सशक्तिकरण के छेत्र मे जागरूक किया है। मैं उनके उज्जवल भविष्य को कामना करता हूं।" एनएसएस टीम का नेतृत्व कर रहे टीम लीडर रविकांत पाण्डेय ने बताया कि आज कार्यक्रम के अंतिम दिन एनएसएस वॉलिंटियर्स द्वारा पतौरा एवं उसके आसपास इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वक्षता, बिजली का सदुपयोग, पालीथिन से होने वाले आदि विषय के साथ साथ महिलाओं को शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए भारत सरकार एबं राज्य सरकार के द्वारा चल रहे योजनाओं जैसे "बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ", किशोरियों के सशक्तीकरण के लिए राजीव गांधी योजना (सबला), इंदिरा गांधी मातृत्व सहयोग योजना, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, स्वाधार घर योजना, महिलाओं के लिए प्रशिक्षण और रोजगार कार्यक्रम आदि योजनाओं के बारे में

जागरुक किया गया। इसके अलावा किसान भाइयों को सरकार के द्वारा कृषि क्षेत्र में चल रही योजनाओं के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई एबं उन्हें गैर-खेती कार्य को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा समाज मैं अपना रचनात्मक कार्यों के माध्यम से चलाए गए विभिन्न विषय पर जागरूकता अभियान को उनकी एक बहुत बड़ी उपलब्धि है बताया एबं इसके लिए उन्होनो उनका धन्यवाद किया एवं उम्मीद जताया कि उनके एनएसएस वॉलिंटियर्स राष्ट्रीय लेवल पर अपना एक पहचान बनायेंगे एवं महाविद्यालय का नाम  रोशन करेंगे. आज के अभियान में एनएसएस वॉलिंटियर्स विकास कुमार, रितिक राज, अमन कुमार मिश्रा, रितेश राज आदि उपस्थित थे।



।



।



**Date-1.8.2019 to 15.8.2019: Participation of NSS Volunteers of L.N.D College, Motihari in Swachhata Pakhwara**

**स्वच्छता पखवारा**

भारत सरकार के अन्तर्गत युवा कार्यक्रम एबं खेल मंत्रालय के निर्देनुसार पूरे भारत मे 1 अगस्त से 15 अगस्त 2019 तक स्वच्छ भारत मिशन के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना एकाई द्वारा स्वच्छता का पखवारा मनाना है निर्देशित कार्य योजना के अनुरूप। इसीके तहत एलएनडी कॉलेज के करीब 15 से 20 एनएसएस वालंटियर्स कल से एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी के अनुगायी में टीम लीडर रविकांत पांडेय के नेतृत्व में एलएनडी कॉलेज कैंपस में स्वच्छता अभियान, पौधारोपण एबं पौधा का देखरेख, कॉलेज के छात्र-छात्रायें को बैठक एबं सेमिनार के माध्यम से जागरूक करेंगे। इसके अलावा वालंटियर्स द्वारा मोतिहारी स्थित किसी गांव को गोद लेके वालंटियर्स द्वारा डोर टू डोर एप्रोच के माध्यम से स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला स्व-सक्तिकरण, शिशु श्रमिक रोकना, आर्थिक स्व-सक्तिकरण के उपाय, स्वास्थ्य कैम्प, जन कल्याणकारी केंद्र एबं राज्य सरकार के योजनाओं को प्रति जन जागरूकता के साथ साथ खुले में सोच मुक्त करने के दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके अलावा स्वच्छता अभियान मोतिहारी स्थित हॉस्पिटल, पार्क, अन्य सार्वजनिक स्थल, रेलवे स्टेशन, महापुरुषों के मूर्ति पे भी किया जायेगा एबं प्राइमरी एबं मिडिल स्कूल के बच्चों को जागरूक किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने उम्मीद जताये उनके वालंटियर्स पिछलेबार के मुताबिक इसबार भी बिहार विश्वविद्यालय में अपना कार्यक्रम के माध्यम से अपना एबं महाविद्यालय का नाम गौराम्बित करेंगे। इसके लीये उन्होनो वालंटियर्स को शुभकामनाये दिए।

**Day 1: 2.8.2019**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा पूरे देश भर में मनाया जा रहा है जो 15 अगस्त को समाप्त हो जाएगा। लक्ष्मी

नारायण दुबे महाविद्यालय, मोतिहारी के एनएसएस इकाई के द्वारा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी के नेतृत्व में आज एल.एन.डी कॉलेज कैंपस में पौधारोपण एबं जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा कॉलेज परिसर एवं उसके आसपास इलाकों में पौधारोपण किया गया एवं एनएसएस वॉलिंटियर्स ने शपथ भी दिया कि आज से हम पर्यावरण के प्रति सचेत रहेंगे और अधिक से अधिक पेड़ पौधा लगाएंगे और उसे बचाएंगे और लोगों को जागरूक करेंगे। आज के कार्यक्रम में मोजूत थे एनएसएस वालंटियर रवी कांत पांडे, अभिसारिका कुमारी, अपूर्वा राज अंशु कुमारी, विकास कुमार, अमन कुमार, नरेश, अप्पू कुमार नवनीत कुमार जैसमिन श्रीवास्तव, रूपम कुमारी आदि।




।



।




**Day 2: 6.8.2019**

लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि एनएसएस इकाई के वालंटियर्स द्वारा आज भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एबं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता का पखवारा मनाया गया। एनएसएस इकाई के टीम लीडर रविकांत पांडेय ने बताया कि आज हमने अपने कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी के आदेशनुसार एनएसएस वोलेंटियर के सहयोग से मोतिहारी के रघुनाथपुर स्थित गंडक कॉलोनी, ब्रह्म ऋषि नगर, पीपल चौक आदि जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। वालंटियर्स ने एकजुट होके सड़कों पे झाड़ू लगाकर सड़क को साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनाने के दिशा में अपना योगदान दिए। सड़क किनारे मोजूत कूड़े को हमने एकत्रित कर नगर परिषद के डस्टबिन में डाला। इसके अलावा हमलोग घर-घर जाकर लोगों को साफ सफाई के बारे में बताया एवं ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के प्रयास किये। स्वच्छता के प्रति शपथ लेते हुए एनएसएस वालंटियर्स ने कहा आज से हमलोग अपने अपने परिबार एबं गाँव को लोगो को भी स्वच्छता का प्रति जागरूक करेंगे ताकि स्वच्छता पखवारा सही मायने में अपना लक्ष्य में सफलता प्राप्त करे। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने समाज के लोगो से अपने घर, कार्यस्थल, एबं सार्बजनिक जगहों पे स्वच्छता बनाये रखते हुए इस स्वच्छता पखवारा को सफल बनाने की अपील किये। उन्होंने प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरुण कुमार, डॉ. परमानन्द त्रिपाठी एबं डॉ. सर्वेश दूबे को बिशेष धन्यवाद दिए उनके वालंटियर्स को बिशेष मदद करने के लिए एबं उनका स्वच्छता के प्रति मनोबल बड़ाने के लिए। आज के इस स्वच्छता पखवारा में कॉलेज के स्टाफ सनी कुमार, एनएसएस वालेंटियर अंजुम आरा, मनीषा कुमारी, जास्मीन श्रीवास्तव, मौसम कुमारी, अनवर आलम, संतोष आनंद, उमेश कुमार, संजय दास, पप्पू कुमार, अमन मिश्रा, रितेश राज, सुशांत कुमार आदि ने अपना योगदान दिए।


National Service Scheme
(A Scheme Sponsored by Govt. of India Ministry of Youth Affairs Deptt. of Sports)
L. N. D. College, Motihari
Special Camp
REDMI NOTE 7 PRO
AI DUAL CAMERA


REDMI NOTE 7 PRO
AI DUAL CAMERA






**Day 3: 7.8.2019**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एबं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत मोतिहारी के एलएनडी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना एकाई द्वारा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी के आदेशानुसार स्वच्छता पखवारा के अंतर्गत बिशेष शिबिर के आज दूसरे दिन एनएसएस वालंटियर्स ने मोतिहारी के रघुनाथपुर में ग्रामीणों को टॉइलेट बनबाने, टॉयलेट का इस्तेमाल, टॉयलेट को स्वच्छ, खुले में शौच से फैलने वाले बीमारियों, कम्युनिटी टॉयलेट के इस्तेमाल अगर घर पे शौचालय उपलब्ध ना हो, परिवार के सभी ऐज के लोगो को शौचालय इस्तेमाल एबं हैंड वाश के सही तरीके आदि विषय पे ग्रामीणों को घर घर जाके जागरूक किया गया। टीम लीडर रविकांत पांडेय ने बताया कि टीम लीडर रविकांत पांडे ने बताया कि एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा रघुनाथपुर स्थित बस स्टैंड गली नंबर 2 के पास डोर टू डोर जाकर लोगों को स्वच्छता साफ सफाई के लिए जागरुक किया गया एवं उन लोगों को इसके महत्व के बारे में समझाया गया। इस अभियान में वहां के ग्रामीणों ने काफी सहयोग किया और लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिबद्धता भी दिखाई। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने समाज के लोगो से टॉइलट का इस्तेमाल करने, यत्रतत्र टॉयलेट के इस्तेमाल से बचने, हफ्ते में कम से कम एकबार टॉइलट के अच्छे से साफ करने, टॉयलेट से निकलने वाले गंदे पानी को प्रॉपर ड्रेनेज सिस्टम के जरिये ड्रेन करने एबं ड्रेन को साफ करने के बाद ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव आदि को करने को अपील कीये। आज के इस अभियान में एनएसएस वालंटियर्स अंजलि मिश्रा, अनवर आलम, संतोष आनंद, सोनू कुमार सिंह, अपु कुमार, विक्रम कुमार, अमन कुमार मिश्रा, रितेश राज आदि ने अपना योगदान दिये।


Shot on realme 3 Pro
By Aman Mishra




National Service Scheme
(A Scheme Sponsored by Govt. of India Ministry of Youth Affairs Deptt. of Sports)
L. N. D. College, Motihari
Special Camp



**Day 4: 8.8.2019**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एबं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत मनाया जानेवाला स्वच्छता पखवारा का आज तीसरे दिन मोतिहारी के एलएनडी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना एकाई के वालंटियर्स ने आज मोतिहारी के रघुनाथपुर गाँव मे अपने कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी के निर्देशानुसार प्राकृतिक आपदा*से बचने के बिषय में ग्रामीणों को जागरूक किये। प्रोफेसर तिवारी ने बतायें की चक्रवात, बाढ़, सुखा, भूकंप बज्रपात और आंधी आदि के कारण प्राकृतिक आपदा हो सकती है। बिहार राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले प्राकृतिक आपदाओं में बाढ़, आधी तूफान, बज्रपात, प्रमुख है। इसके अलावा आग लगना, भूकम्प आना, बीमारियों के अगर बात करे बिभिन्न तरहका अपरिचित बुखार होना आदि के बजह से ग्रामीण हमेशा परेशान रहते है एबं जागरूकता के कमी होने के कारण आर्थिक क्षति के साथ साथ जीवन हानि भी होता है। इसी बातो को ध्यान में रखते हुए आज हमारे एनएसएस वालंटियर्स डोर टू डोर एप्रोच के साथ साथ ग्रामीणों के साथ बैठक करते हुए उक्त बिषयों में जागरूक किये। प्राकृतिक आपदा बचाव विषय पर वहाँ उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एन एस एस टीम का नेतृत्व कर रहे टीम लीडर रविकांत पाण्डेय ने बताया कि भारी बरसात से आने वाली बाढ़, सूखा, आसमानी बिजली गिरना जैसी प्राकृतिक आपदाओं को रोकने में मनुष्य द्वारा तैयार वैज्ञानिक सिस्टम अभी पूरी तरह सक्षम नहीं है। इसीलिए हमें इनसे बचाव के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। सारी जानकारी व जागरुकता से हम इनके कुप्रभाव से अपने व देश के लाखों लोगों को बचाने में कामयाब हो सकते है। ज्यादातर प्राकृतिक आपदाएं पर्यावरण से छेड़छाड़ करने पर होती है। मनुष्य इमारती लकड़ी व पत्थर के लिए हरी भरी वादियों की कटाई व पहाड़ों को तोड़ रहा है जिसके कारण प्रदूषण संतुलन बिगड़ रहा है। हम पेड़ काट अधिक रहे है और लगा कम रहे है। जिसके कारण अनेक प्रकार के गंभीर रोग भी पनपते जा रहे है। मौसम में आए बदलाव के कारण पैदा होने वाली विषम परिस्थितिया है। जिन पर समय रहते काबू पाना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन है। केदारनाथ के पहाड़ी हिमस्खलन, गुजरात के कच्छ क्षेत्र में आए भूकंप के बचाव के लिए हमें मानसिक व तकनीकी तौर पर दक्ष होना जरुरी है।

वालंटियर्स द्वारा बताया गया टिप्स-

हाल के वर्षों में बज्रपात एक अत्यंत खतरनाक और घटित होने वाले आपदाओं में से एक है। बज्रपात के दौरान लोहे के खंभे के अगल-बगल कोई व्यक्ति अगर खरा है तो उसकी जान जाने की संभावना रहती है। वज्रपात के दौरान हमें निम्नलिखित उपाय को उपयोग में लाना चाहिए। सबसे पहले घर में

उपलब्ध बिजली उपकरणों को अनप्लग करें। यह सुनिश्चित करें घर के सभी मेंबर्स एबं पालतू जानवर घर के अंदर सुरक्षित स्थान पे ही रहे। वज्रपात के दौरान यात्रा से बचें। प्रशासन एवं  लोकल मीडिया के द्वारा दिया गया चेतावनी निर्देशों को सही रूप से पालन करें। ऐसे सभी चीजों को अपने घर से दूर रखे जो तेज हवा के कारण उड़कर खिड़की या दरवाजे को छतिग्रस्त करने में सक्षम हो। वज्रपात के दौरान सबसे ज्यादा खतरा पशुधन को होता है इसीलिए हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है की वज्रपात के दौरान हम जानवरों को किसी बड़े पेड़ के नीचे एकत्रित ना होने दें एवं किसी सुरक्षित स्थान पर उन्हें पहुंचा दो।  बज्रपात के दौरान हमे स्नान करने से बचना चाहिए आर बहते हुए पानी से दूर रहना चाहिए। कोई भी संवेदनशील वस्तुओं एवं ऐसे वस्तु जो इलेक्ट्रिकल कंडक्टर के हिसाब से काम करता हूं उससे हमें दूरी में रहना चाहिए। अगर वज्रपात के दौरान आप ऐसे किसी स्थान पर हैं जहां सुरक्षित स्थान आस पास नहीं है तो आप जमीन पर सीधे ना लेटें बल्कि सिमट कर गठरीनुमा आकार में लेटें। फोन एवं बिजली के तार की फेंसिंग, पेड़ आदि से दूर रहे। बज्रपात के दौरान किसी भी तरह आप बड़े पेड़ के नीचे शरण ना लें क्योंकि लंबे पर बिजली को आकर्षित करते हैं। इसके अलावा अगर आप किसी जलाशय में स्नान कर रहे हो तो तुरंत उससे बाहर आ जाए।

भूकंप आने पर तुरंत ये उपाय किए जाने चाहिए- इमारत में अगर आप मौजूद हैं तो वहां से बाहर निकलकर खुले में आ जाए। भूकंप के दौरान खुले मैदान से ज्यादा सेफ जगह कोई नहीं होती। किसी बिल्डिंग के आसपास न खड़े हों। लिफ्ट का इस्तेमाल कतई न करें सिर्फ सीढ़ियों का इस्तेमाल ही करे। घर के दरवाजे और खिड़की को खुला रखें एबं घर की सभी बिजली स्विच को ऑफ कर दें। ध्यान रखे आपको किसी भी तरहा पैनिक नही होना है एबं नाही किसी भी तरह की अफवाह फैलाएं, ऐसे में स्थिति और बुरी हो सकती है।

बाढ़ आने का अगर पुरबाभाष आपके पास हो तो आप एक आपातकालीन आपूर्ति किट बनाये जिसमें खराब न होने वाला भोजन, पानी, बैटरी से चलने वाला या हैंड क्रेंक रेडियो, अतिरिक्त टॉर्च और बैटरियाँ शामिल हों। दवा के पर्चों की प्रतिलिपियाँ और दवाओं की आपूर्ति; बिस्तर और कपड़े, जिसमें स्लीपिंग बैग्स और तकिये शामिल हैं; पानी की बोतल, एक प्राथमिक चिकित्सा किट, एक टॉर्च; महत्वपूर्ण दस्तावेजों की प्रतिलिपियाँ: ड्राइवर लाइसेंस, सामाजिक सुरक्षा कार्ड, निवास का प्रमाण, बीमा पॉलिसियाँ, वसीयतें, अनुबंध, जन्म और शादी का प्रमाण पत्र, कर के अभिलेख इत्यादि हो। एक पारिवारिक आपातकालीन योजना बनायें। जब कोई आपदा आती है तो आपका परिवार आपके साथ नहीं हो भी हो सकता है, अतः यह जानना महत्वपूर्ण है कि आप एक दूसरे से संपर्क कैसे करेंगे, आप वापस एक साथ कैसे मिलेंगे और किसी आपातस्थिति में आप क्या करेंगे।  बाढ़ पर नजर रखे इसके लिये प्रशासन एबं लोकल मीडिया पे ध्यान रखे एबं जरूरी सूचना जैसे प्राप्त हो तुरंत अलर्ट हो जाये एबं अपना सुरक्षा करे।

आज के इस जगरुकता अभियान में एनएसएस वालंटियर्स अनवर आलम, अप्पू कुमार, संजय दास, सुमन कुमार, तैयम अंसारी, संतोष आनंद, मो लुकमान आलम, उमेश कुमार, रूपम कुमारी, अंजुम आरा, रितेश राज, अमन कुमार आदि उपस्थित थे।






National Service Scheme
L. N. D. College, Motihari
Special Camp


Shot on realme 3 Pro

**Day 5: 9.8.2019**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एबं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वछ भारत मिशन के तहत हो रहे स्वच्छता पखवारा के अंतर्गत बिशेष शिबिर के आज चौथे दिन एनएसएस वालंटियर्स ने कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी के आदेशानुसार मोतिहारी के रघुनाथपुर में ग्रामीणों एबं स्कूली बच्चों को साथ मिलकर श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता एबं जागरूकता अभियान चलाया गया। एनएसएस टीम लीडर रविकांत पांडेय ने बताया कि आज एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा रघुनाथपुर स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया एवं उपस्थित बच्चों को हाथ धोकर खाने, रोज स्नान करने, पेड़-पौधा लगाने, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने आदि बातों को बताया गया। वहीं स्कूल केंपस में वॉलिंटियर्स के द्वारा श्रमदान करके लोगों को जागरूक किया गया। एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा वहां के उपस्थित ग्रामीणों के सहयोग से साफ सफाई किया गया इस अभियान में वहां के लोगों का काफी सहयोग मिला इसके लिए एनएसएस टीम उन लोगों को धन्यवाद भी किया। आज ग्रामीणों ने वालंटियर्स के साथ बढ़चर के स्वच्छता अभियान में अपना योगदान देते हुए सभी ने अपने घर के आसपास एबं सार्वजनिक स्थलों पे साफ सफ़ाई किये एबं वालंटियर्स के द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान को साधुबाद दिये एबं उमीद जताये की लोग स्वच्छता के प्रति सदैव जागरूक रहेंगे। स्वच्छता के प्रति श्रमदान के अलावा वालंटियर्स ने आज स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संरक्षण, सोलर एनर्जी के इस्तेमाल, खुले में शौच से बचने, पर्यावरण संरक्षण के प्रति संबेदानशील रहने आदि विषयों पे जागरूक किये। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना सिर्फ एनएसएस का द्वारा संभव नही है जबतक की लोग खुद इसके प्रति स्वयं जागरूक ना हो एबं अपने परिवार के लोगो को जागरूक ना करे। उन्होंने लोगो को स्वच्छ भारत मिशन को जमीनी लेवेल पर सफल बनाने के लिए बढ़चढ़कर अपना भागीदारी देने को अपील किये। आज के इस कार्यक्रम में एनएसएस वालंटियर्स जास्मीन श्रीवास्तव, रूपम कुमारी, अनवर आलम, पप्पू कुमार, संजय दत्त, सुमन कुमार, तइम अंसारी, संतोष आनंद, लुकमान आलम, उमेश कुमार, अमन कुमार मिश्रा, रितेश राज आदि ने अपना योगदान दिये।




I




तुरकौलिया


Shot on realme 3 Pro



**Day 6: 10.8.2019**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एबं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वछ भारत मिशन के तहत हो रहे स्वच्छता पखवारा के अंतर्गत बिशेष शिबिर के आज पांचबे दिन एनएसएस वालंटियर्स ने कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी के आदेशानुसार मोतिहारी के गांधी संग्रहालय में श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता एबं पर्यटकों के बिच जागरूकता अभियान चलाया। एनएसएस टीम लीडर रविकांत पांडेय ने बताया कि आज एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा गांधी संग्रहालय में स्थित बिभिन्न मूर्तियां, चिल्ड्रेन पार्क, मैन ग्राउंड, अशोक स्तंभ, आदि को अच्छे से साफ सफाई एबं धुलाई किया गया। संग्रहालय परिसर में यत्रतत्र फैले हुए प्लास्टिक पैकेट्स एबं बॉटल्स के साथ साथ सूखे पेढ़ के डाल आदि को कूड़ेदान में डाला गया। वालंटियर्स ने संग्रहालय में आये हुए पर्यटकों एबं संग्रहालय प्रशासन से प्रांगण एबं मूर्ति, स्तम्भ आदि को स्वच्छ रखने को अपील किये। इसके साथ साथ वालंटियर्स ने प्लास्टिक का उपयोग ना करने को एबं धूम्रपान के साथ साथ दूसरे किसीभी तरहके नसे के पदार्थ से पर्यटको को दूरी बनानेको ले जागरूक किये। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि जब भी आप किसी पर्यटक स्थलों पे जाये तब आपकी यह नैतिक जिम्मेदारी है कि आप उस स्थल में किसीभी तरहा गंदगी फैलाने एबं नसे के पदार्थ के सेवन से बचे एबं यथासंभव स्वच्छता बनाये रखे। ऐसे करने पे आप अनजाने में ही अपने देश की गरिमा को बढ़ाते है एबं स्वच्छता पे खर्च होने वाले करोड़ो रूपये को आप बचा सकते है जिससे सरकार उस रुपये को आपके लिये ही किसी और तरहका सेवा देने में सफल हो सकती है। आज के इस कार्यक्रम में एनएसएस वालंटियर्स जास्मीन श्रीवास्तव, रूपम कुमारी, अनवर आलम, पप्पू कुमार, संजय दत्त, सुमन कुमार, तइम अंसारी, संतोष आनंद, लुकमान आलम, उमेश कुमार, अमन कुमार मिश्रा, रितेश राज, तृप्ति रंजन, प्रीति कुमारी, प्रीति रानी, विवेक कुमार, रौशन, प्रशांत कुमार, कृष्णा कुमार, छोटन कुमार आदि ने अपना योगदान दिये।


National Service Scheme
(A Scheme Sponsored by Govt. of India Ministry of Youth Affairs Deptt. of Sports)
L. N. D. College, Motihari
Special Camp

।


बुरा मत बोलो

।



।


स्व. श्यामनन्दन मिश्र, विदेश मंत्री
की प्रेरणा से
स्व. धीरूभाई अम्बानी
के सौजन्य से
पूज्य बाबूजी महात्मा गाँधी की
प्रतिमा का अनावरण
महामहिम राज्यपाल श्री गोपाल गाँधी जी
के कर कमलों द्वारा

।


बुरा
मत सुनो
बुरा
मत बोलो

।



।




**Day 7: 11.8.2019**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार चल रहे स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवारा मनाते हुए आज एनएसएस वालंटियर्स एलएनडी कॉलेज परिसर में ही साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। वही एनएसएस टीम का नेतृत्व कर रहे टीम लीडर रविकांत पांडे ने बताया कि आज कॉलेज परिसर में साफ सफाई किया गया एवं वन महोतसव के दौरान लगायें गये पौधोके देखरेख हेतु वहां पर घेराबंदी की गई एवं साथ ही कॉलेज परिसर के कैंपस में लगे कॉलेज संस्थापक स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण दुबे की मूर्ति को पानी से धोकर साफ किया गया।इसके अलावा एनएसएस के वालंटियर के द्वारा कॉलेज कैंपस को हरा भरा रखने हेतु पौधे के संरक्षण हेतु विशेष कदम उठाये गए। उसी क्रम में आज मुख्यत कॉलेज केंपस एवं उसके बाहर फैले कचरे, गंदगी को साफ कर कैंपस को साफ-सुथरा बनाया गया। आज के इस अभियान में एनएसएस वालंटियर्स अनवर आलम, रितेश राज, अमन मिश्रा, जैसमिन श्रीवास्तव, रूपम कुमारी,अपूर्वा राज, अंशु कुमारी, अभिसारिका कुमारी, विकास कुमार कॉलेज स्टाफ किरण शुक्ला, सनी कुमार आदि उपस्थित थे।



I



I



**Day 8: 12.8.2019**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार चल रहे स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा के माध्यम से एलएनडी कॉलेज के एनएसएस वालंटियर्स कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी के निदर्शन में मोतिहारी एबं आसपास के इलाके में स्वच्छता, स्वास्थ, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों में लोगो को जागरूक कर रहे है। इसीके तहत आज एनएसएस वालंटियर्स के द्वारा मोतिहारी के चरखा पार्क में एवं उसके आसपास इलाकों में साफ सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें एनएसएस वालंटियर्स के द्वारा पूरे परिसर को पानी और कपड़े की मदद से धोकर साफ किया गया, फिर झाड़ू लगाकर गंदगी को एकत्रित कर डस्टबिन में डाला गया। एवं उसके पास बाहर के प्रमुख द्वार पर साफ सफाई किया गया और वहां उपस्थित लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक भी किया गया। इस कड़ी में वहां स्वच्छता को लेकर कुछ स्लोगन भी लिखे गए जिससे लोग अधिक से अधिक जागरूक हो। एनएसएस टीम का नेतृत्व कर रहे टीम लीडर रविकांत पांडे ने अधिक से अधिक लोगो को स्वच्छता के प्रति अपना दायित्व निभाने को कहा एबं स्वच्छ भारत मिशन को सफल करने में अपना योगदान देने को अपील किये। आज के अभियान में एनएसएस वालंटियर्स अनवर आलम, प्रीति कुमारी, प्रीति रानी, तृप्ति रंजन, पप्पू कुमार, संजय दत्त, सुमन कुमार, तइम अंसारी, संतोष आनंद, उमेश कुमार, विवेक कुमार, रोशन कुमार आदि उपस्थित थे।



I



।



**Day 9: 13.8.2019**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा पूरे देश भर में मनाया जा रहा है जो 15 अगस्त को समाप्त हो जाएगा। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफ़ेसर दुर्गेश मणि तिवारी के आदेशानुसार एलएनडी कॉलेज के एनएसएस वालंटियर्स पूरे जोश के साथ मोतिहारी को स्वच्छ, स्वस्थ, शिक्षित के साथ साथ स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, प्राकृतिक आपदा से निपटने के तरीके, सोलर एनर्जी के इस्तेमाल एबं प्लास्टिक बैग को इस्तेमाल से बचने आदि विषयों में लोगो को संबेदनशील बनाने के दिशा में अपना योगदान दे रहे है स्वच्छता पखवारा के एक्शन प्लान के अनुरूप। एनएसएस टीम का नेतृत्व कर रहे टीम लीडर रविकांत पांडेय ने बताया कि आज एलएनडी कॉलेज के एनएसएस वॉलिंटियर्स ने मोतिहारी स्थित अटल उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाया। वॉलिंटियर्स के द्वारा अटल उद्यान को सम्पूर्ण रूप से साफ सफाई किया गया एवं ऐसे स्थान जहां पानी लगे हुए थे उस स्थान से पानी को निकाला गया। इसके अलावा अटल उद्यान पार्क में आए हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया जो काफी बेहतर रहा। एनएसएस वॉलिंटियर्स ने वहां पे उपस्थित लोगों को भी स्वच्छ बनाए रखने की अपील किया। आज के इस अभियान में एनएसएस वालंटियर्स अनवर आलम, प्रीति कुमारी, प्रीति रानी, तृप्ति रंजन, पप्पू कुमार, सोनू कुमार, संजय दत्त, सुमन कुमार, लुकमान आलम, तइम अंसारी, संतोष आनंद, उमेश कुमार, विवेक कुमार, रोशन कुमार आदि उपस्थित थे।






National Service Scheme
(A Scheme Sponsored by Govt. of India Ministry of Youth Affairs Deptt. of Sports)
L. N. D. College, Motihari
Special Camp



**Day 10: 14.8.2019**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा पूरे देश भर में मनाया जा रहा है जो 15 अगस्त को समाप्त हो जाएगा। कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफ़ेसर दुर्गेश मणि तिवारी के आदेशानुसार एलएनडी कॉलेज के एनएसएस वालंटियर्स पूरे जोश के साथ मोतिहारी को स्वच्छ, स्वस्थ, शिक्षित के साथ साथ स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, प्राकृतिक आपदा से निपटने के तरीके, सोलर एनर्जी के इस्तेमाल एबं प्लास्टिक बैग को इस्तेमाल से बचने आदि विषयों में लोगो को संबेदनशील बनाने के दिशा में अपना योगदान दे रहे है स्वच्छता पखवारा के एक्शन प्लान के अनुरूप। एनएसएस टीम का नेतृत्व कर रहे टीम लीडर रविकांत पांडेय ने बताया कि आज एलएनडी कॉलेज के एनएसएस वॉलिंटियर्स ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जो काफी बेहतर रहा। एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा रघुनाथपुर स्थित बस स्टैंड गली नंबर 2 के पास डोर टू डोर जाकर लोगों को स्वच्छता साफ सफाई के लिए जागरुक किया गया एवं उन लोगों को इसके महत्व के बारे में समझाया गया। इस अभियान में वहां के ग्रामीणों ने काफी सहयोग किया और लोगों को जागरूक करने के लिए प्रतिबद्धता भी दिखाई।



।



।



**Date: 2.8.2019: Tree Plantation cum Seminar on Environment Protection during VANMAHOTSAV organised by L.N.D College, Motihari**

**Press Release**

बिहार सरकार, बी.आर.ए.बी.यू. मुजफ्फरपुर, एनएसएस को-ऑर्डिनेटर, बी.आर.ए.बी.यू. मुजफ्फरपुर के आदेशानुसार *वन महोत्सव 2019* के तहत लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय, मोतिहारी के एनएसएस इकाई के द्वारा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी के नेतृत्व में कल एल.एन.डी कॉलेज कैंपस में *पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण* विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया है। उक्त सेमिनार में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता रहेंगे एलएनडी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अरुण कुमार। उक्त जानकारी देते हुए एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने एलएनडी कॉलेज के सभी शिक्षक, विद्यार्थी एवं गैर शिक्षकर्मियों को भाग लेने का अनुरोध किये। एबं उन्होनो बताया कि सेमीनार में भाग लेने वाले सभी पार्टिसिपेंट्स को एनएसएस के ओर से सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील किये इस वन महोत्सव को दौरान समाज के सभी वर्ग के लोग अपने अपने घर, ऑफिस, संस्थान, कार्यस्थल पर पौधारोपण कर समाज एबं पर्यावरण के प्रति अपना दायित्व निभाए। वन महोत्सव दिनांक 1 से 15 अगस्त तक पूरे बिहार में मनाया जाएगा।

**Event Details**

बिहार सरकार, बी.आर.ए.बी.यू. मुजफ्फरपुर, एनएसएस रेजीओनल डायरेक्टर पटना एबं एनएसएस को-ऑर्डिनेटर, बी.आर.ए.बी.यू. मुजफ्फरपुर के आदेशानुसार *वन महोत्सव 2019* के तहत लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय, मोतिहारी के एनएसएस इकाई के द्वारा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी के नेतृत्व में आज एल.एन.डी कॉलेज कैंपस में *पौधारोपण एबं जागरूकता अभियान के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण* विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण दुबे का मूर्ति को माल्यापर्ण के माध्यम से किया गया। माल्यापर्ण कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने मंच संचालन करते हुए अपना स्वागत भाषण में समाज के सभि बर्गो के लोगो को एबं कॉलेज प्रशासन को अभिबादन ब्यक्त करते हुए उनका सहयोग के लिए अपना आभार ब्यक्त किये। सेमिनार का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि एलएनडी कॉलेज के प्रचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अरुण कुमार, विशिष्ट

अतिथि प्रोफेसर द्वारिका प्रसाद सिंह, पीजी डीपार्टमेंट ऑफ पोलिटिकल साइंस, बिहार यूनिवर्सिटी, डॉ. राजेश कुमार सिंहा, हेड, डिपार्टमेंट ऑफ फिलोसोफी, डॉ. परमानंद त्रिपाठी, हेड, डिपार्टमेंट ऑफ एडुकेशन एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. दुर्गेश मणि तिवारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर आरंभ की गई। इसके बाद सेमिनार का मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अरुण कुमार ने सभीको संबोधित करते हुऐ पर्यावरण संरक्षण के बिषय में अपना बक्तयब लोगो को बीच रखे। उन्होंने बताया कि पृथ्वी का बदलता वातावरण बहुत ही गंभीर विषय है इसका मुख्य कारण अंधाधुन पेड़ों की कटाई और सिकुड़ते वन क्षेत्र के कारण पृथ्वी का वातावरण गर्म हो रहा है. पेड़ों की कटाई के कारण आपने देखा होगा कि तापमान घटता बढ़ता है, बाढ़, आंधी तूफान सूखा और भूमि क्षरण जैसी कई समस्याएं उत्पन्न हो चुकी है. अगर जल्द ही हम इस विषय पर कुछ नहीं करते हैं तो अपने ही हाथों अपने घर (पृथ्वी) को नष्ट कर देंगे। मानव विकास करने की राह में इतना लालची हो गया है कि उसको जीवन देने वाले वनों और पेड़ पौधों की वह अंधाधुंध कटाई करने में लगा हुआ है और अपना जीवन भोग-विलास में बिता रहा है. यह बहुत ही चिंता का विषय है कि कोई कैसे अपने जीवन देने वाले जीवनदाता को ही मार काट रहा है. मानव प्रकृति की रक्षा नहीं कर रहा है इसलिए कभी-कभी प्रकृति भी अपना विकराल रूप दिखाती है और उसमें हजारों लोगों की मृत्यु हो जाती है। यह प्रकृति का मानव को चेतावनी है कि अगर वह जल्द ही नहीं चेता तो पृथ्वी का नष्ट होना तय है। सेमिनार में आये हुए विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर द्वारिका प्रसाद सिंह, पीजी डिपार्टमेंट ऑफ पोलिटिकल साइंस, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर ने पर्यावरण संरक्षण बिसय पर बोले पर्यावरण के प्रति पुरातन काल में भी लोग बहुत सचेत थे जैसे कि गुप्तवंश, मौर्यवंश, मुगलवंश वनों को सुरक्षित रखने के लिए बहुत ही सराहनीय प्रयास किए गए थे। लेकिन जैसे-जैसे हमारा देश तरक्की करता जा रहा है अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वह निरंतर वनों की कटाई करता जा रहा है. इस बात को सन 1947 में ही भाप लिया गया था कि अगर वनों को नहीं बचाया गया तो मानव सभ्यता का जीवन संकट में पड़ सकता है।

सन् 1947 में स्व. जवाहरलाल नेहरू, स्व. डॉ. राजेंद्र प्रसाद और मौलाना अब्दुल कलाम आजाद के के संयुक्त प्रयास से जुलाई के प्रथम सप्ताह में वन महोत्सव मनाया जाता है. यह वन महोत्सव इसलिए मनाया जाता है जिससे लोगों में पेड़ लगाने के प्रति चेतना उत्पन्न हो और अधिक से अधिक वे पेड़ लगाएं। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने सेमिनार में बताया कि भारत में निरंतर वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण हमारे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। और जितने पेड़ों की कटाई की जा रही थी उसमें से आधे भी नहीं लगाई जा रहे थे. जिसके कारण वनों को बचाने के लिए सरकार द्वारा जुलाई माह में वन महोत्सव का आयोजन किया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग पेड़ लगाएं और एक दूसरे को इस बारे में सचेत करें कि पेड़ लगाना हमारे जीवन के लिए कितना आवश्यक हैं। डॉ. राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि इस महोत्सव के दौरान सरकार द्वारा भी लाखों पेड़ लगाए जाते हैं और साथ ही कई ऐसी संस्थाएं भी होती हैं जो कि जगह जगह पर पौधारोपण करती है। वन महोत्सव का प्रमुख उद्देश्य यही है कि लोग पेड़ों का महत्व समय रहते ही समझ जाएं और अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करे। डॉ. परमानंद त्रिपाठी ने बताया कि 1947 में वन महोत्सव का आयोजन सिर्फ अनौपचारिक रूप से ही किया गया था जिसके कारण यह है बड़ा रूप नहीं ले पाया लेकिन सन 1950 में तत्कालीन कृषि मंत्री कन्हैया लाल माणिकलाल मुंशी ने इस महोत्सव को आधिकारिक रूप से लागू कर दिया। यह निर्णय मील का पत्थर साबित हुआ क्योंकि अगर यह निर्णय नहीं लिया जाता तो शायद आज भारत में 20% की जगह 10% ही वन पाए जाते. वहीं सेमिनार खत्म होने के बाद एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा कॉलेज परिसर एवं उसके आसपास इलाकों

में पौधारोपण किया गया एवं एनएसएस वॉलिंटियर्स ने शपथ भी दिया कि आज से हम पर्यावरण के प्रति सचेत रहेंगे और अधिक से अधिक पेड़ पौधा लगाएंगे और उसे बचाएंगे और लोगों को जागरूक करेंगे। प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि सेमीनार में भाग लेने वाले सभी पार्टिसिपेंट्स को एनएसएस के ओर से सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील किये इस वन महोत्सव को दौरान समाज के सभी वर्ग के लोग अपने अपने घर, ऑफिस, संस्थान, कार्यस्थल पर पौधारोपण कर समाज एबं पर्यावरण के प्रति अपना दायित्व निभाए। वन महोत्सव दिनांक 1 से 15 अगस्त तक पूरे बिहार में मनाया जाएगा जिसके तहत 1.5 क्रोड़ पौधा पूरे बिहार भर में लगाया जाएगा। कार्यक्रम का समापन पे धन्यबाद ज्ञापन प्रोफेसर मनोज कुमार के द्वारा किया गया। आज के कार्यक्रम में मोजूत थे प्रो. प्रमोद कुमार रॉय, हेड अस्सिस्टेंट श्री राजीव कुमार, एनएसएस वालंटियर रवी कांत पांडे, अभिसारिका कुमारी, अपूर्वा राज अंशु कुमारी, विकास कुमार, अमन कुमार, नरेश, अप्पू, कुमार नवनीत कुमार जैसमिन श्रीवास्तव, रूपम कुमारी आदि।




।




।


TREE PLANTATION CUM SEMINAR
ON ENVIRONMENT PROTECTION
VAN MAHOTSAV 2019
NATIONAL SERVICE SCHEME
LAXMI NARAIN DUBEY COLLEGE, MOTIHARI

I



I



I




I



**Date: 23.8.2019: NSS Volunteers of L.N.D College, Motihari has participated actively in the event organised by the College.**




I




**Date: 29.8.2019: Celebration of FIT India Movement by NSS unit of L.N.D College, Motihari**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार आज दिनांक 29 अगस्त 2019 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर पूर्वान्ह 10:00 बजे नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसका सीधा प्रसारण दूरदर्शन के माध्यम से पूरे भारतवर्ष में किया गया। इस अवसर पर देशवासियों द्वारा फिट इंडिया मूवमेंट की सफलता एवं सक्रिय सहभागिता के लिए शपथ भी लिया जाना था। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य भारत को स्वस्थ एवं सशक्त बनाना है। फिट इंडिया मूवमेंट के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए आज एलएनडी कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी के नेतृत्व में फिट इंडिया मूवमेंट के प्रति कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं गैर शिक्षक कर्मियों एवं एनएसएस वॉलिंटियर्स को शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान एलएनडी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) अरुण कुमार ने कहा कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस पर खेल दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा आज  फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई एबं इसे अभियान के रूप में मनाने का आह्वान किया है। इससे फिट रहने की प्रेरणा मिलेगी एवं पूरे देश को हमें प्रेरित करना चाहिए जिससे भारत के सभी लोग फिट रहकर देश के विकास में योगदान करें। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि आज के ये अभियान शारीरिक रूप से फिट रहने के उद्देश्य से करवाया गया, स्वस्थ रहने से ही सभी बीमारियों से छुटकारा मिल सकता है। अच्छा शारीरिक स्वास्थ्य लंबे जीवन काल को बढ़ावा देता है। कुयकि स्वास्थ ही संपत्ति है  (हेल्थ इस वेल्थ) एक मानब के लिए, इसीलिए हमें खुदको, परिवार को एबं समाज के लोगोको स्वस्थ के प्रति जागरूक करना होगा। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुबोध कुमार ने भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को फिट इंडिया का आइकन माना तथा कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता है। उन्होंने योग प्राणायाम करने एवं पोषण युक्त भोजन पर बल दिया। वहीं प्रो. राजेश सिन्हा ने बताया कि उचित आहार योजना का पालन करें जिसमें सभी आवश्यक माइक्रोन्यूट्रेंट्स शामिल हो तेल, मीठा और जंक फूड की खपत कम करें। वहीं बीसीए को-ऑर्डिनेटर डॉ. सर्वेश दुबे, भौतिकी के प्रोफेसर डॉ. पिनाकी लाहा, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. परमानंद त्रिपाठी ने कॉलेज कर्मियों एवं छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि धूम्रपान, शराब पीने और ड्रग्स लेने

से बचें रोजाना पर्याप्त नींद लें, नियमित रूप से व्यायाम करें, नियमित स्वास्थ्य जांच के लिए जाएं। वही एनएसएस ग्रुप लीडर रविकांत पांडे ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा आयोजित फिट इंडिया मूवमेंट के आयोजन पर सभी कॉलेज कर्मियों एवं छात्र छात्राओं को फिट इंडिया के अंतर्गत अपने को फिट रखने एवं लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाया ताकि प्रधानमंत्री जी के सपनों को साकार किया जा सके और राष्ट्र निर्माण में हम सभी का योगदान हो सके। आज के इस कार्यक्रम में, शिक्षक मधुबाला,कॉलेज स्टाफ मनीचंद्र सनी कुमार, किरण शुक्ला  वोलेंटियर्स अनवर आलम, रितेश राज, अमन श्रीवास्तव, अमन मिश्रा, विवेक कुमार, रूपम कुमारी, जैस्मिन कुमारी, मनीषा कुमारी आदि मोजूद थे।




।



।




|



|




|

**Date: 20.2.2019: NSS Volunteers of L.N.D College, Motihari has participated actively in the Statue Unveiling event organised by the College.**



**Date: 17-18 Sept., 2019: NSS Group Leader Mr. Ravikant Pandey has selected at University level to participate in the Awareness Drive on HIV and PPTCT (Workshop) organised by Red Ribbon Club held at Patna.**

बिहार सरकार, स्वास्थ्य विभाग, बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, राज्य स्वास्थ्य एबं परिबार कल्याण संस्थान, पटना के निर्देशानुसार यूनिसेफ के सहयोग से रेड रिबन क्लब द्वारा पटना स्थित होटल पानाचे में एनएसएस वालंटियर्स के लिए एचआईवी ऐड्स को लेकर दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन दिनांक 17 से 18 सेप्टैंबर को किया गया। उक्त कार्यक्रम में बिहार विश्वविद्यालय के 10 एनएसएस वालंटियर्स ने भाग लिए। इस कार्यशाला में पूरे बिहार से हर जिले से 1 छात्र एवं 1 छात्रा का चयन किया गया था। मोतिहारी से 2 वालंटियर्स का चयन होना था। एलएनडी कॉलेज के और से एनएसएस टीम लीडर रविकांत पांडे को उक्त कार्यक्रम के लिए चयन किया गया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में एलएनडी कॉलेज की ओर से वॉलिंटियर्स का पार्टिसिपेट करना कॉलेज के लिए गर्व का विषय है क्योंकि पूरे मोतिहारी से सिर्फ 2 ही वालंटियर्स को चयन किया जाना था एवं उनका चयन का आधार एनएसएस में उनका योगदान कितना है यही था। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय स्तर पर एलएनडी कॉलेज को रिप्रेजेंट करना गर्व का विषय है। प्रचार्य प्रो. डॉ. अरुण कुमार ने हर्ष ब्यक्त करते हुए एनएसएस टीम लीडर को शुभकामनाएं दिए एबं महाविद्यालय के नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किये। इस कार्यशाला में बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडे के द्वारा कार्यशाला का उद्घाटन किया गया एवं उनके द्वारा भी कार्यशाला में विशेष रूप से ट्रेनिंग दी गई जिसमें मुख्य था एड्स एचआईवी से ग्रसित लोगों को किस तरीके से उनके साथ रहना है, किस तरीके के उनके साथ व्यवहार करना है ईस बारे में विस्तार से उन्होंने बताया एवं साथ ही *हम साथी एप्स* का लांच किया गया।

इस दो दिवसीय कार्यशाला में बताया गया की एड्स को एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशियेंसी सिंड्रोम के रूप में भी जाना जाता है. एचआईवी का मतलब है ह्यूमन इम्यूनोडेफिशियेंसी वायरस कहलाता है. यह व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर बनाकर उसके रक्त को सफेद पानी में बदल देता है. कैसे फैलता है एड्स इस बारे में जानकारी दी गया। क्या हैं एड्स से बचाव के तरीके इसके बारे में भी समझाया गया। शरीर में वायरस के ज्यादा हावी होने के इसे कंट्रोल करना काफी मुश्किल हा जोता है. एड्स के उपचार में एंटी रेट्रोवाइरल थेरपी और दवाइयों का उपयोग किया जाता है. इन दवाइयों का मुख्य उद्देश्य एचआईवी के प्रभाव को काम करना, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना और अवसरवादी रोगों को ठीक करना होता है. लेकिन आए दिन इसे लेकर कई अभियान चलाए जाते हैं जिनमें बताया जाता है कि एड्स से सुरक्षा ही एड्स का इलाज है. इसी

कड़ी में प्रण लिया गया कि बिहार को एड्स मुक्त करना है जिसमें यहाँ की युवाओ को अधिक से अधिक जोड़ना है। HIV AIDS  हमसाथी एप्प्स लांच की गई, जिस एप्प्स के माध्यम से लोग जागरूक हो सके, एड्स को हराना है, बिहार को जितना है। इस कार्यशाला में स्मृति चिन्ह मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।




।




।




।




I



**Date: 2.10.2019: NSS volunteers of L.N.D College, Motihari has participated in the Celebrtaion of Gandhi Jayanti by cleaning the campus and surrounding areas of college, organisation of Rally and creating aawareness on Jal-Jeewan-Hariwali in the presence of Hon'ble Ex-minister Shri Radhamohan Singh.**

आज महात्मा गांधी की 150 में जयंती जयंती पर एलएनडी की एनएसएस इकाई एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफ़ेसर दुर्गेश मनी के निर्देशानुसार एन एस एस ग्रुप लीडर रविकांत पांडे के नेतृत्व में पूर्व केंद्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री एवं वर्तमान सांसद माननीय राधामोहन सिंह के साथ महात्मा गांधी मार्ग मोतिहारी में सफाई अभियान,गांधी स्मारक पर पुष्पांजलि ,चरखा पार्क के निकट गांधी शिलालेख दर्शन स्टेशन पर आयोजित समारोह,पदयात्रा,आदि कार्यक्रमों में एलएनडी कॉलेज के एनएसएस वॉलिंटियर्स ने भाग लिया। एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर दुर्गेश मणि तिवारी ने बताया कि महात्मा गांधी की डेढ़ सौ जयंती पर एलएनडी कॉलेज एनएसएस वॉलिंटियर्स महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के सपनों को साकार करने में हमेशा आगे रहती है एवं आगे से हमेशा ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेते रहेगी. कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि बताया कि महात्मा गांधी का विचार था कि हिंसा कोई समाधान नहीं है और हिंसा सिर्फ प्रतिहिंसा को जन्म देती है। इसलिए आजादी के लिए बंदूक उठाया गया तो इससे रक्तपात होगा और पीड़ित साथी भारतीयों के पास इसके गलत इस्तेमाल से बचने का कोई भी उपाय नहीं होगा। गांधी उन ऐतिहासिक उदाहरणों से भी सहमत नहीं थे कि विवाद की स्थिति में लोगों ने हमेशा हिंसा का सहारा लिया है। केवल इसलिए कि अतीत में किसी ने इस दृष्टिकोण को नहीं अपनाया था, इसका मतलब यह नहीं था कि गांधी अपने विश्वास के आधार पर आगे न बढ़ते।

एनएसएस के ग्रुप लीडर रविकांत पांडे ने बताया कि महात्मा गांधी की डेढ़ सौवीं जयंती पर बतया की मोहनदास करमचंद गांधी भारत एवं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनीतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। गांधी जी के बारे में प्रख्यात वैज्ञानिक आइंस्टीन ने कहा था कि -'हजार साल बाद आने वाली नस्लें इस बात पर मुश्किल से विश्वास करेंगी कि हाड़-मांस से बना ऐसा कोई इंसान भी धरती पर कभी आया था। आज के कार्यक्रम में एनएसएस वॉलिंटियर्स अनवर आलम, लुकमान आलम ,रूपम कुमारी, जासमीन श्रीवास्तव ,मोनू खान, अमन मिश्रा,रितेश राज,विवेक कुमार,मणि भूषण ठाकुर ,संतोष आनंद,पप्पू कुमार,मनोज कुमार, टइम अंसारी,संजय दत्त,उमेश कुमार, शहीद अली,आदि वेलेंटीयर उपस्थित थे।




।




।




**Date: 14 to 20 Nov. 2019: NSS PO of L.N.D College, Motihari has participated in the Orientation Programme for NSS POs at IIT(ISM) Dhanbaad.**



I




Training Programme for
NSS Programme Officers
Ministry of Youth Affairs
Govt. of India
Organized by
Department of Management Studies
Indian Institute of Technology (ISM), Dhanbad


Training Programme for
NSS Programme Officers



**Date: 26.11.2019: NSS unit of L.N.D College, Motihari has organised Constitution Day Lecture and Celebrate Constitution Day.**

UGC व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के आदेशानुसार NSS के सौजन्य से LND महाविद्यालय, मोतिहारी में आयोजित संविधान दिवस के शुभ अवसर स्व. लक्ष्मी नारायण दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मुख्य अतिथि-सह-प्राचार्य डॉ.अरुण कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। संविधान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सांविधानिक गरिमा में भाषा, संस्कृति, सीमा सुरक्षा तथा व्यक्तिगत गरिमा शामिल है। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.सुबोध कुमार द्वारा सांविधानिक पृष्ठभूमि से अवगत कराते हुए इसे सभी छात्र/छात्राओं के बीच अध्यापन पर जोर देते हुए सांविधानिक सम्मान के रूप में संविधान दिवस मनाने की बात अभिकथित की गई। अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष-सह-कार्यक्रम पदाधिकारी,NSS प्रो.दुर्गेश मणि तिवारी के अनुसार आज विश्व में उभरती आर्थिक शक्ति के रूप में भारत की सफलताओं के पीछे इसके सजीव संविधान का ही योगदान है। इन्होंने मौलिक कर्तव्यों से परिचय कराया।राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कुमार राकेश रंजन द्वारा अभिकथित किया गया कि भारत का संविधान जीवंत एवं गतिशील है।सांविधानिक विरासत ही हमारी बहुमूल्य पूंजी तथा 'वसुधैव कुटुंबकम्' की अवधारणा सभी समस्याओं के समाधान की कुंजी है।आवश्यकतानुसार कृत संशोधन सांविधानिक गतिशीलता को प्रमाणित करती है। आज के दिन हम लोगों को 24-01-1950 को संविधान के हस्ताक्षरकर्ता उन 284 विभुतियों का शत-शत नमन करना चाहिए जिनके द्वारा निर्मित लोकतांत्रिक संविधान की आभामंडल से गणतांत्रिक भारत विगत 70 वर्षों से प्रकाशमान हो रहा है।शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.परमानंद त्रिपाठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मूल अधिकारों से ज्यादा जीवन में मूल कर्तव्यों के सम्यक निर्वहन की जानकारी दी। छात्रों की ओर से अप्पू कुमार, रितेश राज, अनवर आलम, NSS Group Leader रविकांत पांडेय,अमन श्रीवास्तव, विकास कुमार, मोनू कुमार, तईम अंसारी आदि ने कार्यक्रम में प्रतिभागिता दी। वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो.अरविंद कुमार ने सांविधानिक सर्वोच्चता को सर्वोत्तम मूल्य बताया। उक्त कार्यक्रम शिक्षा विभाग में कार्यरत प्राध्यापिका मधुबाला मौर्या मधुमिता, प्रशिक्षु छात्र/छात्राएं सहित सभी शिक्षकेतर कर्मियों द्वारा प्रस्तावना का आत्मीय पठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. दुर्गेशमणि तिवारी तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो प्रिय रंजन झा द्वारा की गई। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान वंदना के साथ की गई।उक्त बिंदुओं की जानकारी मीडिया कोषांग के प्रभारी डॉ. कुमार राकेश रंजन द्वारा प्रदान की गई।




।


CONSTITUTION DAY CELEBRATIONS
and
CONSTITUTION DAY LECTURE
NATIONAL SERVICE SCHEME
LAXMI NARAIN DUBEY COLLEGE
64MP AI QUAD CAMERA
Shot on realme XT

I



I



I







**Date: 10.12.2019: NSS unit of L.N.D College, Motihari has organised One Day Workshop on "Women's Empowerment to Prevent Physical, Mental and Sexual Harassment of Women" and Celebrate Human Rights Day.**

आरक्षी महानिरीक्षक, कमजोर वर्ग,अपराध अनुसंधान विभाग,बिहार,पटना के आदेशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से मंगलवार को मानवाधिकार दिवस के शुभ अवसर पर **LND कॉलेज में प्राचार्य डॉ**. **अरुण कुमार** द्वारा स्व.लक्ष्मी नारायण दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का प्रयोजन किशोरियों एवं महिलाओं के विरुद्ध होनेवाली शारीरिक,मानसिक एवं लैंगिक हिंसा निवारण हेतु सशक्तिकरण तथा परिस्थितिक संवेदनशीलता उत्पन्न करना है। कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित की गई। उद्घाटन सत्र तथा तकनीकी सत्र। उद्घाटन सत्र के दौरान आगंतुक अतिथियों का स्वागत करते हुए प्राचार्य डा अरुण कुमार ने कहा कि अभिभावकों द्वारा पुत्रियों की भांति पुत्रों की भी निगरानी की जानी चाहिए।उन्होंने समाजिक समता की स्थापना हेतु छात्राओं का आहवाह्न किया। सत्र को संबोधित करते हुए **SKS महिला कॉलेज के प्राचार्य प्रो रत्नेश आनंद** ने सैद्धांतिक महिला अधिकारों की प्राप्ति हेतु धरातल पर क्रियान्वयन की बात कही। **मुख्य वक्ता के तौर पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष प्रो.आशीष श्रीवास्तव** द्वारा महिलाओं के लिए सामाजिक बंधन को समाप्त करने का आहवाह्न किया गया। दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार सिन्हा ने सत्र को संबोधित करते हुए नैतिक उत्तरदायित्व एवं सम्यक कर्तव्य निर्वहन का परामर्श दिया। उन्होंने भावनात्मक पहलुओं की अपेक्षा बौद्धिक पहलूओं को प्राथमिकता देने हेतु अभिकथित किया।शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.परमानंद त्रिपाठी द्वारा कार्यशाला की विषय वस्तु का संक्षिप्त परिचय कराते हुए महिला

अधिकारों की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराया गया। इस सत्र को संबोधित करते हुए महिला थाना प्रभारी मो.अकबर ने सीआईडी केनिर्देशानुसार किशोरियों/छात्राओं/महिलाओं की सुरक्षा हेतु कुछ उदाहरणों द्वारा पूर्व सावधानी बरतने की बात कही। ।अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. दुर्गेश मणि तिवारी ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार घोषणा पत्र का पठन किया। राजनीति शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.कुमार राकेश रंजन ने 21 वीं शताब्दी में किशोरियों/महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती हुई शारीरिक, मानसिक एवं लैंगिक हिंसा के निवारण पर गहन मंथन किया।अपराह्न के तकनीकी सत्र में महिला थाना की सामाजिक कार्यकर्ता दीपावली चौहान एवं सुनीता कुमारी द्वारा किशोरियों/महिलाओं के विरुद्ध हिंसा निवारण हेतु पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभिन्न उपाय सुझाए गए। इस मौके पर भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पिनाकी लाहा, वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.अरविंद कुमार, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.राधे श्याम, शिक्षा विभाग के प्रो.पी.आर.झा, प्रधान सहायक राजीव कुमार सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षकेतर कर्मचारी,छात्र/छात्राएं उपस्थित हुए।सत्रांत में 60 प्रतिभागी छात्राओं के बीच प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन NSS के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. दुर्गेशमणि तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन मीडिया कोषांग प्रभारी डॉ. कुमार राकेश रंजन द्वारा किया गया।



।




।


LAXMI NARAIN DUBEY COLLEGE
ONE DAY WORKSHOP
ON
WOMEN'S EMPOWERMENT TO PREVENT PHYSICAL,
MENTAL AND SEXUAL HARASSMENT OF WOMEN
ON
HUMAN RIGHTS DAY
ORGANISED BY
NATIONAL SERVICE SCHEME

I


LAXMI NARAIN DUBEY COLLEGE
(A CONSTITUENT UNIT OF B.R.A. BIHAR UNIVERSITY, MFP.)
MOTIHARI, EAST CHAMPARAN, BIHAR
ONE DAY WORKSHOP
ON
WOMEN'S EMPOWERMENT TO PREVENT PHYSICAL,
MENTAL AND SEXUAL HARASSMENT OF WOMEN
ON
HUMAN RIGHTS DAY
ORGANISED BY
NATIONAL SERVICE SCHEME
DATE : 10 DEC. 2019 | VENUE : L.N.D COLLEGE, MOTIHARI
PROF. DURGESH MANI TEWARI
PROGRAMME OFFICER, NSS
DR. PARMANAND TRIPATHI
CO-ORDINATOR
PROF. (DR.) ARUN KUMAR
PRINCIPAL

I


HUMAN RIGHTS DAY
ORGANISED BY
NATIONAL SERVICE SCHEME
DATE : 10 DEC. 2019 | VENUE : L.N.D COLLEGE, MOTIHARI

I



I



LAXMI NARAIN DUBEY COLLEGE
(A CONSTITUENT UNIT OF B.R.A. BIHAR UNIVERSITY, MFP.)
MOTIHARI, EAST CHAMPARAN, BIHAR
ONE DAY WORKSHOP
ON
WOMEN'S EMPOWERMENT TO PREVENT PHYSICAL, MENTAL AND SEXUAL HARASSMENT OF WOMEN
ON
HUMAN RIGHTS DAY
ORGANISED BY
NATIONAL SERVICE SCHEME
VENUE - L.N.D COLLEGE, MOTIHARI


I



I



।




**Date: 11.01.2020: NSS unit of L.N.D College, Motihari has organised Mockdrill for upcoming Jal-Jeewan-Hariwali Day celebration by creating Human Chain.**

बी.आर.ए बिहार विश्वविद्यालय के आदेशानुसार लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय, मोतिहारी में शनिवार को दोपहर 12 बजे जल, जीवन व हरियाली के लिए मानवता के व्यापक हित में प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से सभी प्राध्यापक, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं के साथ आगामी 19 जनवरी 2020 को प्रस्तावित मानव श्रृंखला हेतु मॉक ड्रिल किया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से मानव श्रृंखला की सफलता हेतु जन जागरुकता को प्रोत्साहित किया गया। आगामी 19 जनवरी की मानव श्रृंखला में अधिकतम सहभागिता की अपील की गई। इस मौके पर एन.एस.एस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. दुर्गेश मणि तिवारी, भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पिनाकी लाहा, सहायक प्राध्यापक डॉ.सर्वेश दुबे, वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.अरविंद कुमार, हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राधे श्याम, भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.राकेश रंजन

कुमार, प्रधान सहायक राजीव कुमार, लेखापाल कामेश भूषण, लिपिक आलोक कुमार पांडेय सहित सभी कर्मचारी, छात्र/छात्राएं उपस्थित हुए। उक्त संवादों की जानकारी मीडिया प्रकोष्ठ से डॉ. कुमार राकेश रंजन द्वारा प्रदान की गई.

।




।




## Date: 18.01.2020: NSS unit of L.N.D College, Motihari has organised Cyclathon as a part of FIT India movement of Govt. of India.

शहर के एल.एन.डी. कॉलेज में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत एन.एस.एस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.दुर्गेश मणि तिवारी द्वारा अपराह्न 12:30 बजे साईकिल रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रवेश द्वार पर प्राचार्य डॉ.अरुण कुमार एवं **कृष्णनंदन पासवान, माननीय भूतपूर्व विधायक** द्वारा संयुक्त रूप से झंडा दिखाकर साईकिल रैली (Cyclathon) का उद्घाटन किया गया। भूतपूर्व विधायक कृष्णनंदन पासवान द्वारा बताया गया कि साइकिलिंग के माध्यम से लोगों को फिट रखते हुए पूरे भारत को स्वस्थ रखा जा सकता है। प्राचार्य डॉ.अरुण कुमार ने कहा कि फिट इंडिया द्वारा सभी भारतवासियों को स्वस्थ बनाकर विकसित भारत के साथ कदमताल किया जा सकता है। डॉ. सुबोध कुमार ने बताया कि फिट इंडिया भारत को पूर्णत: रोगमुक्त करने में एक सफल अभियान साबित हो सकता है। प्रो. दुर्गेश

मणि तिवारी ने बताया की साइकिलिंग द्वारा पर्यावरण के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है। डॉ.कुमार राकेश रंजन ने अभिकथित किया कि साइकिलिंग द्वारा सर्वे भवंतू सुखिन: सर्वे संतु निरामया: सर्वे भद्राणि पश्यंतु मां कश्चित् दुख:भाग भवेत् की अवधारणा को अभिपुष्ट किया जा सकता है। डॉ. राधेश्याम ने कहा की साइकिलिंग पर्यावरण एवं स्वास्थ्य दोनों के लिए उत्तम औषधि है। ग्रुप लीडर रवि कांत पांडेय ने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट के माध्यम से लोगों की कार्यक्षमता में वृद्धि कर इस देश की दशा व दिशा बदली जा सकती है। विदित हो कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी नागरिकों तक फिटनेस संदेश पहूंचाकर उसे स्वस्थ बनाना है। एन.एस.एस स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय प्रवेश द्वार से बलुआ पुल, कचहरी चौक होते हुए बरियारपुर बाईपास तक पुन: बलुआ पुल, चांदमारी चौक, रेलवे गुमटी होते हुए नगर थाना के रास्ते महाविद्यालय तक साईकिल रैली के माध्यम से शहर में आवासित लोगों को फिटनेस का लाभ बताया।एन.एस.एस स्वयंसेवकों में ग्रुप लीडर रविकांत पांडेय, रिया, जूली, प्रीति, नेहा, प्राची, अमन, अभिषेक, रितेश, हिमांशु, बिट्टू आदि ने साइकिलिंग द्वारा लोगों को स्वस्थ रहने के गुर सिखाए। इस मौक़े पर प्राध्यापकों की ओर से डॉ. पिनाकी लाहा, डॉ.राधे श्याम, प्रो.मधुबाला मौर्या प्रो.मधुलिका कुमारी, प्रो.प्रियरंजन झा, प्रो.मनोज कुमार व प्रो.अशोक पांडेय, शिक्षकेत्तर कर्मियों में प्र.सहायक राजीव कुमार, लेखापाल कामेश भूषण, संजीव किशोर, अखिलेश कुमार, मणिभूषण, अमित कुमार, आशुतोष, विश्वनाथ राउत, रेखा कुमारी, राघव शरण आदि उपस्थित थे। यह संवाद मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कुमार राकेश रंजन द्वारा प्रेषित किया गया।






**Date: 19.01.2020: NSS unit of L.N.D College, Motihari has participated in the Jal-Jeewan-Hariwali Day celebration by creating Human Chain.**

शहर के एल.एन.डी. कॉलेज के समीप बलुआ पुल व नगर थाना के मध्य सदर अस्पताल मुख्य सड़क मार्ग पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.अरूण कुमार सहित सभी प्राध्यापकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों व छात्र/छात्राओं ने श्रृंखलाबद्ध होकर **जल** - **जीवन** - **हरियाली**, **नशामुक्ति**, **बाल विवाह** समाप्ति एवं दहेज उन्मूलन के समर्थन में सक्रिय

सहभागिता की। प्राचार्य ने पूरे मनोयोग से श्रृंखला का समर्थन करते हुए कहा कि जल के सदुपयोग व संरक्षण तथा हरियाली की वृद्धि में ही भावी पीढ़ी का भविष्य छिपा हुआ है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. सुबोध कुमार द्वारा इस महान अभियान में साथ देकर रूढ़िवादी जड़ता को समाप्त करने का आह्वान किया गया।प्रो.दुर्गेशमणि तिवारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों की मानव श्रृंखला में सक्रिय प्रतिभागिता रही। इस स्वर्णिम अवसर पर प्राध्यापकों में डॉ.पिनाकी लाहा, डॉ.सर्वेश दुबे, प्रो.दुर्गेश मणि तिवारी, प्रो.अरविंद कुमार, डॉ.राधे श्याम, प्रो.राकेश रंजन कुमार, डॉ.परमानंद त्रिपाठी, प्रो.मनोज कुमार, प्रो.मधुबाला मौर्या, प्रो.प्रमोद कु. राय, प्रो.जलेश्वर कुमार, प्रो. अशोक कु.पांडेय, प्रो.मधुलिका कुमारी, प्रो.कृष्ण कु.सिन्हा व प्रो.प्रियरंजन झा तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में प्र.सहायक राजीव कुमार, लेखापाल कामेश भूषण, संजीव किशोर, अखिलेश कुमार, मणिभूषण, अमित कुमार, आशुतोष, आलोक पांडेय, सविता कुमारी, देवेंद्र ठाकुर, विश्वनाथ राउत, रेखा कुमारी, सत्यनारायण राय, जनक बैठा मणिचंद्र, सन्नी, अश्विनी, रविरंजन, किरण शुक्ला, शुभकीर्ति, प्रभाकर, रजनीश, राकेश, विकास आदि उपस्थित थे। महाविद्यालय के मीडिया प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. कुमार राकेश रंजन द्वारा उक्त संवाद प्रेषित किया गया।




।



।



।

## **Date: 26.01.2020: NSS unit of L.N.D College, Motihari has celebrated Republic Day.**

शहर के लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय में 71वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर स्व. लक्ष्मी नारायण दुबे की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत प्राचार्य डॉ.अरुण कुमार ने झंडोत्तोलन किया। उन्होंने डॉ.राजेंद्र प्रसाद के सभापतित्व में निर्मित गणतंत्र को षड्यंत्रकारियों से अक्षुण्ण रखते हुए सभी नागरिकों से संवैधानिक मार्ग पर सतत चलते रहने का आह्वान किया। प्राचार्य द्वारा एनसीसी परेड का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर कंपनी कमांडर कैप्टन राजेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एनसीसी द्वारा राष्ट्रध्वज का नमन किया गया. **एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. दुर्गेश मणि तिवारी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने भी राष्ट्रध्वज को सलामी दी।** राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.कुमार राकेश रंजन ने अभिकथित किया कि 284 लोगों के अथक परिश्रम से बने बहुमूल्य गणराज्य की सुरक्षा हम सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर डॉ.सुबोध कुमार, डॉ.पिनाकी लाहा, डॉ.सर्वेश दुबे, प्रो.अरविंद कुमार, डॉ.राधे श्याम, प्रो.राकेश रंजन कुमार, प्रो.मधुबाला मौर्या, प्रो.मधुलिका कुमारी व प्रो.प्रियरंजन झा तथा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में प्र.सहायक राजीव कुमार, लेखापाल कामेश भूषण, संजीव किशोर, भुवनेश्वर सिंह, अखिलेश कुमार, मणिभूषण, अमित कुमार, आशुतोष, आलोक पांडेय, राघव शरण, रेखा कुमारी, सविता कुमारी, मोनिका, देवेंद्र ठाकुर, सत्यनारायण राय, जनक बैठा आदि उपस्थित थे।




I




I



**Date: 3.3.2020: NSS unit of L.N.D College, Motihari has celebrated Jal-Jeewan-Hariwali Diwas by organising Day-long Discussion on Solar Energy.**

शहर के एल.एन.डी. कॉलेज में शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से मंगलवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे जल-जीवन-हरियाली दिवस के शुभ अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ.सुबोध कुमार एवं प्रो.दुर्गेशमणि तिवारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, एन.एस.एस द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विदित हो कि राज्य सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न पारिस्थितिकीय चुनौतियों से निपटने, जल संतुलन, हरित आवरण में वृद्धि, नवीकरणीय ऊर्जा व ऊर्जा बचत के प्रोत्साहन हेतु प्रत्येक माह के प्रथम मंगलवार को जल-जीवन- हरियाली दिवस मनाने की घोषणा की गई है। राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ.कुमार राकेश रंजन ने कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित प्रतिभागियों को जल- जीवन- हरियाली के 11 प्रमुख अवयवों की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ.सुबोध कुमार ने सौर ऊर्जा के भूत, वर्तमान व भविष्य को विस्तृत रूप से रेखांकित किया। उन्होंने कॉलेज में अधिष्ठापित होनेवाली सोलर प्लेट की भी चर्चा की। प्राचार्य डॉ.अरुण कुमार का संदेश श्रव्य माध्यम से सुनाते हुए प्रो.दुर्गेशमणि तिवारी ने अक्षय ऊर्जा संसाधनों से देश में वर्ष 2022 तक 175 गीगावॉट तथा बिहार में 2022 तक 3433 मेगावॉट बिजली पैदा करने के लक्ष्य प्राप्ति पर फोकस किया। वनस्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो.अरविंद कुमार ने सौर प्लेट के अधिष्ठापन की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. राधेश्याम ने कहा कि अक्षय ऊर्जा में अपार क्षमता है। इसलिए सौर ऊर्जा ही असली उर्जा है। शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ.परमानंद त्रिपाठी ने हरित गृह प्रभाव की चर्चा करते हुए सौर ऊर्जा को भावी पीढ़ियों की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। इस कार्यक्रम को प्रो. रामप्रवेश, डॉ.बब्लु ठाकुर, डॉ.रीना, डॉ.नीरज कुमार, प्रो.प्रमोद कु.राय, प्रो.जलेश्वर कुमार, प्रो.प्रियरंजन झा, प्रो.अशोक कु.पांडेय, प्रो.कृष्ण कु.सिन्हा, एन.एस.एस स्वयंसेवियों सह बी.एड. प्रशिक्षुओं में गोपी कुमार, अप्पु कुमार, तईम अंसारी, रूपम कुमारी आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर प्राध्यापकों में डॉ.नीलमणि, प्रो.मधुबाला मौर्या, कर्मियों में शत्रि कुमार, मणिचंद, प्रभाकर आदि व विद्यार्थियों में अज़ीमुल्लाह, विकास कु.पंडित, नवरत्न, पंकज, शानु, यशवंत, प्रियांशु सहित सभी छात्र/छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुबोध कुमार, सफल संचालन प्रो.दुर्गेशमणि तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राधेश्याम द्वारा किया गया।




LAXMI NARAIN DUBEY COLLEGE
Motihari, East Champaran
NAAC Accredited "B+"
जल-जीवन-हरियाली दिवस
के अवसर पर
"सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन एवं ऊर्जा की बचत पर बल"
विषयवस्तु पर
परिचर्चा
Organised by
NATIONAL SERVICE SCHEME


LAXMI NARAIN DUBEY COLLEGE
(A Constituent Unit of B.R.A. Bihar University, Muzaffarpur)
Motihari, East Champaran
NAAC Accredited "B+"
जल-जीवन-हरियाली दिवस
के अवसर पर
"सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन एवं ऊर्जा की बचत पर बल"
विषयवस्तु पर
परिचर्चा
दिनांक- 03 मार्च 2020 समयः 11:00 से 12:00
Organised by
NATIONAL SERVICE SCHEME
Prof.(Dr.) Arun Kumar
Principal

I


LAXMI NARAIN DUBEY COLLEGE
(A Constituent Unit of B.R.A. Bihar University, Muzaffarpur)
Motihari, East Champaran
NAAC Accredited "B+"
जल-जीवन-हरियाली दिवस
के अवसर पर
"सौर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन एवं ऊर्जा की बचत पर बल"
विषयवस्तु पर
परिचर्चा
दिनांक- 03 मार्च 2020 समयः 11:00 से 12:00
Organised by
NATIONAL SERVICE SCHEME
Prof.(Dr.) Arun Kumar
Principal
Prof. Durgesh Mani Tewari
Programme Officer, NSS






**COVID-19**


**Date: 8.4.2020: NSS PO OF L.N.D College, Motihari has appointed as District Nodal Officer of NSS of East Champaran District.**

**Date: 10.04.2020: Participated in online meeting for NSS District Nodal Officer on National TOT on COVID-19 organised by MOHFW & MOYAS in collaboration with NSS India for NSS on 10th April 2020 through ZOOM App.**

**पूर्वी चंपारण में राष्ट्रीय सेवा योजना सेवा परमो धर्म: को कर रही है चरितार्थ**

कोविड-19 के विरुद्ध युद्ध में सेवा परमो धर्म: अर्थात सेवा सबसे बड़ा धर्म है, को पूर्वी चंपारण की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शत्-प्रतिशत चरितार्थ की जा रही है। विदित हो कि संयुक्त सचिव, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार सह निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना के निर्देशानुसार विश्वव्यापी विपदा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा महती भूमिका निर्वहन की जा रही है। इस संबंध में शुक्रवार को अपराहन 2:30 बजे जूम वेबीनार के माध्यम से आहूत बैठक में विस्तृत निर्देश प्रदान किए गए हैं। उक्त बैठक में निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत सरकार, निदेशक, छात्र एवं युवा कल्याण, बिहार सरकार, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी, बी आर ए बी यू, एन एस एस के सभी नोडल पदाधिकारी व सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन व यूनिसेफ के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। एनएसएस की सक्रिय भागीदारी के प्रोत्साहन हेतु पहली बार प्रत्येक जिले में बेहतर समन्वय के लिए एक नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है।igot. gov. in आई गॉट डॉट जिओवी डॉट इन हेल्थ मॉड्यूल एवं दीक्षा पोर्टल Diksha Portal से पंजीकरण हेतु बिहार के सभी विश्वविद्यालयों/संस्थाओं के कार्यक्रम समन्वयकों, कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों के लिए निर्देश प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के निर्देशानुसार इस विपदा में पदसोपान के अनुरूप एन एस एस को कर्तव्य निर्वहन करनी है। प्रथम स्तर पर संबंधित जिले/ नगर में जिलाधीश/नगर आयुक्त द्वारा एनएसएस स्वयंसेवकों को कार्य आवंटित किए जाएंगे। द्वितीय स्तर पर नोडल पदाधिकारी, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी व कार्यक्रम पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर प्राप्त निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। तृतीय स्तर पर नोडल पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन सभी प्राचार्यों/संस्थान प्रधानों को कार्य से अवगत कराएंगे। चतुर्थ स्तर पर संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारी अपने क्षेत्राधीन स्वयंसेवकों से प्राप्त निर्देशों का अनुपालन करवाएंगे। विदित हो कि कोविड-19 की बढ़ती संक्रमणशीलता में पूर्वी चंपारण के एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा नागरिकों के बीच भौतिक दूरी, मनोवैज्ञानिक परामर्श, क्वॉरेंटाइन, निजी परामर्श, हैंडवॉश, सेनीटाइजर, मास्क उपयोग, स्वच्छता आदि के बारे में सक्रिय प्रतिभागिता निभाई जा रही है।


**नोडल पदाधिकारी, एनएसएस, पूर्वी चंपारण प्रो. दुर्गेश मणि तिवारी** द्वारा बताया गया कि इस जिले में एनएसएस स्वयंसेवकों की कुल संख्या 800 है।सभी एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर विहित निर्देशानुसार अधिकांश स्वयंसेवकों का पंजीकरण करा दिया गया है। शेष स्वयंसेवकों का पंजीकरण प्रक्रियाधीन है। बी आर ए बी यू के एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि हमारे स्वयंसेवक 'नून रोटी खाएंगे, पर घर से बाहर नहीं जाएंगे' के अनुगमन पर नागरिकों को सदैव प्रोत्साहित कर रहे हैं। प्रो. दुर्गेश मणि तिवारी, नोडल पदाधिकारी, एनएसएस पूर्वी चंपारण के अनुसार महामारियों का इतिहास स्मारित करता है कि सावधानी एवं जानकारी का अभाव ही रोगों को त्रासदी में तब्दील करती रही है। मानवता का ज्ञात इतिहास दर्जनभर से अधिक महामारियों की त्रासदी से भरा पड़ा है। अत: हमारे एनएसएस स्वयंसेवक घर पर आवासित होते हुए भी नागरिकों को कोविड-19 के रोकथाम व नियंत्रण हेतु होम केयर एवं भौतिक दूरी का आत्मीय परामर्श प्रदान कर रहे हैं। लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार द्वारा एनएसएस के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी पद पर प्रो.दुर्गेश मणि तिवारी के मनोनयन पर हार्दिक बधाई प्रेषित किया है।




**Date: 17.04.2020: Participated in online meeting for NSS District Nodal Officer on "Covid-19: Review of NSS activities" organised by NSS India and NSS Regional Director, Patna on 17th April 2020.**




**Date: 23.04.2020: Participated in online meeting on COVID-19: Training the Trainer organised by NSS unit of NIT-Patna and NSS Regional Director, Patna on 23rd April 2020.**











**Date: 27.04.2020: Participated in online meeting for NSS District Nodal Officer of Bihar & Jharkhand on "Covid-19: Review of NSS**

**activities" organised by NSS India and NSS Regional Director, Patna on 27th April 2020.**




**Date: 6.5.2020: Participated in online "Orientation of NSS Volunteers as COVID-19 Worriers" Jointly organised by Regional Directorate of NSS, Patna & UNICEF, Bihar on 6th May 2020.**



Online orientation of NSS Volunteers

**Orientation of NSS Volunteers as COVID-19 Worriers**

**Jointly organised by Regional Directorate of NSS, Patna & UNICEF, Bihar**

**Participants: (5000)**

- **NSS Volunteers across 38 districts**
- **NSS State/University Chapter, Bihar**
- **District Nodal Officer (NSS Functionaries )**

**Meeting Platform:**

- **Digital, Zoom professional App supported by UNICEF**
- **Can be accessed through Mobile Phones**

**Note:**

An overall session for the duration of 120 minutes


**Session Plan**


| Timings | Session | Key points | Resource Person |
|---|---|---|---|
| 12:15 to 12:35 hrs | Welcome | Introducing the session and focus of the training<br>Keynote Address | • Shri Vinay Kumar, Regional Director, NSS<br>• **Shri Saurav Shah, IPS, National Director NSS, New Delhi**<br>• **Shri Promod Kumar, Hon'ble Minister, Deptt. Of Art, Culture and Youth Affairs, Govt of Bihar.** |
| 1235 – 1250 hrs | COVID-19: Myths and Reality | | Dr. Subramaniya, WHO, Bihar Office<br>Dr Hubbe Ali, UNICEF |
| 1250 – 1340hrs | NSS as COVID-19 Warriors | What is COVID Warrior<br>The Role of COVID Warriors on COVID-19 and Community Survelliance<br>The Prevention: Safe Practices in the Community (Home Quarantine, physical distancing)<br>Gender Lens to COVID-19<br>Stigma and Discrimination<br>Communication and Personal Safety | Ms Mona Sinha &<br>Ms Soniya,<br>Communication for Development, UNICEF |
| 1340–1350 hrs | Children & Adolescents | Why we need to Reach out to Children & Adolescents<br>Issues of Child Protection & Responses<br>Structures and Mechanisms for Reporting | Mansoor Qadri<br>UNICEF |
| 1350 – 1405 hrs | Q & A | Questions to RPs | Facilitated by |




**Date: 20.05.2020: Hosted and participated in online meeting through Zoom App on "Covid-19: Review of NSS activities" on 20th May 2020 with all NSS units of B.R.A.B.U, Muzaffarpur and NSS Regional Director, Patna.**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तहत क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देशानुसार कोरोना संकट में पूर्वी चंपारण के जिला स्तरीय नोडल पदाधिकारी, एनएसएस प्रो.दुर्गेश मणि तिवारी द्वारा जूम ऐप पर समीक्षा बैठक का संचालन किया गया। उन्होंने बुधवार को दोपहर 12:15 बजे जूम एप पर आहूत दो सत्रों की बैठक में क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार, बीआरएबीयू के एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. वीरेंद्र चौधरी, सभी आठ महाविद्यालयों के कार्यक्रम पदाधिकारी एवं स्वयंसेवकों के साथ इस विपदा में एन एस एस द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने इस विपदा में सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों द्वारा किए गए सराहनीय कार्य के प्रति संतोष भी व्यक्त किया। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि पूर्वी चंपारण के स्वयंसेवकों द्वारा आई गॉट डॉट जिओवी डॉट इन पर 558 पंजीकरण, दीक्षा पोर्टल पर 552 पंजीकरण एवं आरोग्य सेतु एप का 554 डाउन लोडिंग हो चुका है। विदित हो कि आई गॉट एप भारत सरकार का एक ऑनलाइन प्रशिक्षण पोर्टल है। हमारे स्वयंसेवकों द्वारा स्वनिर्मित 594 मास्क समुदाय में वितरित किए गए हैं। ज्ञात हो कि जिले में एन एस एस के स्वयंसेवकों की कुल संख्या 800 है। उन्होंने संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारियों से शेष बचे पंजीकरण को शीघ्र कराने का अनुरोध किया। नोडल पदाधिकारी प्रो. दुर्गेश मणि तिवारी की सार्वजनिक दूरभाष सं.9735597935 पर कोई भी व्यक्ति कोरोना से संबंधित परामर्श प्राप्त कर सकता है। समीक्षा बैठक में सभी कार्यक्रम पदाधिकारी, एनएसएस सहित अधिकांश स्वयंसेवक शामिल हुए। इधर लक्ष्मी नारायण दुबे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार ने पूर्वी चंपारण में जिला स्तरीय एनएसएस, नोडल पदाधिकारी के पद पर प्रो.दुर्गेश मणि तिवारी की महती भूमिकाओं पर साधुवाद प्रेषित किया है।






**Date: 25.6.2020: NSS unit of L.N.D College, Motihari has participated in NSS Volunteers Orientation on Stigma &**


**Discrimination and Psycho Social Support (PSS) organised by State Health Society, Bihar during outbreak of COVID-19.**










**-x-**